थिंक राजस्थान

E-PAPER

जयपुर
08 नवम्बर, 2026
रविवार

दीपोत्सव की शुभकामनाएं

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 116 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / सोच नई, राजस्थान के लिए / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290


अयोध्या में 30 लाख दीये जलाए, आतिशबाजी हुई

लेजर शो से रामायण दिखाई; उपराष्ट्रपति-सीएम योगी समेत कई मंत्री मौजूद रहे

अयोध्या। अयोध्या में 10वां दीपोत्सव मनाया गया। सरयू नदी के किनारे 56 घाटों पर करीब 30 लाख दीये जलाए गए। राम की पैड़ी और सरयू घाट पर लेजर शो से रामायण दिखाई गई। 2100 ड्रोन से विशेष शो किया गया। सरयू तट पर 2147 अर्चकों ने सरयू की महाआरती की। इसके बाद आतिशबाजी की गई। इसके पहले अयोध्या में करीब 3 घंटे तक शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें 21 झांकियां शामिल रहीं। इनमें रामायण के सात कांडों को दर्शाया गया था। दीपोत्सव देखने के लिए मुंबई, गुजरात और बिहार सहित देशभर से लोग पहुंचे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और सीएम योगी समेत कई मंत्री भी मौजूद रहे। कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में साहसिक प्रस्तुति दी। मंच पर मानव पिरामिड बनाकर कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। हाथों में गदा और शंख लेकर जयकारे लगाए। आसमान में ड्रोन से भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध का दृश्य बनाया गया। आसमान में 2100 ड्रोन की रोशनी से भगवान रामलला की भव्य छवि बनाई गई। आसमान में उभरी आकृतियों को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

दीपोत्सव में पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे प्रभु श्रीराम

रामनगरी में दीपोत्सव के दौरान रामायण प्रसंगों की भव्य प्रस्तुति हुई। पुष्पक विमान पर सवार प्रभु श्रीराम के अयोध्या की ओर प्रस्थान का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस प्रसंग के जरिए लंका विजय के बाद भगवान राम की अयोध्या वापसी को दर्शाया गया।



CM योगी बोले- हर साल दीपों की संख्या बढ़ी

सीएम योगी ने कहा- 2017 में यूपी की अर्थव्यवस्था जर्जर हालत में थी। कर्मचारियों को वेतन देने तक के लिए पैसा नहीं था। पिछली सरकारों के सिंडिकेट ने खजाने पर डकैती डालकर विदेशों में अपने लिए संपत्तियां खरीदी थीं। पहले दीपोत्सव में महज 25 हजार दीप जलाए गए थे। जैसे-जैसे दीपों की संख्या बढ़ी, प्रदेश की समृद्धि भी बढ़ती गई। इस बार अयोध्या में 36 लाख दीप जल रहे हैं, जो प्रदेश की आर्थिक समृद्धि का भी प्रतीक है।

ब्रीफ न्यूज

भारत ने न्यूजीलैंड को चार रन से हराया

वेलिंगटन। भारत ने दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 41 ओवर में 134 रन पर सिमट गई थी। जवाब में 135 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 26 ओवर में सात विकेट पर 113 रन बनाए। जीत के लिए 22 रन चाहिए थे।



गादी आइजनकोट इजराइल के अगले PM बन सकते हैं

तेल अवीव। गादी आइजनकोट इजराइल के अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने उन्हें अगली सरकार बनाने के लिए चुना है। आइजनकोट को सरकार बनाने के लिए 6 हफ्ते का समय मिलेगा। इस दौरान उन्हें दूसरी पार्टियों से बातचीत करके गठबंधन बनाना होगा और संसद में बहुमत साबित करना होगा। सरकार बनाने के लिए 61 सासंदों का समर्थन चाहिए। गादी आइजनकोट के गठबंधन को 6 पार्टियों के 67 सांसदों ने समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पास मात्र 46 सांसदों का समर्थन है।



» अंदर विशेष

▪ युवा कांग्रेस कमेटी: कार्यकारिणी विस्तार और प्रशिक्षण शिविर पर चर्चा
...पढ़े पेज 2 पर

▪ रोशनी से नहाया बिलाड़ा, सजावट महोत्सव ने बढ़ाई बाजारों की रौनक
...पढ़े पेज 4 पर

रक्षा बलों के जवानों और परिवारों के लिए सरकार ने प्रदर्शित की अपनी प्रतिबद्धता

दिवाली का उपहार है अग्निवीरों को मिला दो साल का सेवा विस्तार: सिंह

नई दिल्ली

75% अग्निवीरों को स्थायी नौकरी देने के केंद्र के निर्णय के बाद पहली बार बागडोगरा में बोले रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को दिवाली की पूर्व संध्या के मौके पर पूर्वोत्तर में चीन के करीब स्थित पश्चिम-बंगाल के एक महत्वपूर्ण वायुसैन्य अड्डे बागडोगरा का विस्तृत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वायु योद्धाओं से बातचीत की। जिसमें रक्षा मंत्री ने पहली बार अग्निपथ योजना में हालिया किए गए बड़े बदलाव यानी 4 साल बाद सेनाओं से बाहर होने वाले 75% अग्निवीरों को सीधे बाहर न करते हुए 2 साल के सेवा विस्तार के साथ स्थायी नौकरी देने के फैसले पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केंद्र के इस निर्णय को अग्निवीरों के लिए दिवाली का एक विशेष उपहार बताया।

साथ ही कहा कि इसके जरिए उन्हें एक बार फिर से देश की सेवा करने का अवसर मिलेगा। ये रक्षा बलों के जवानों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। 24 राजनाथ सिंह के मुताबिक, बागडोगरा में तैनात वायु सैनिक देश के पूर्वी क्षेत्र की सुरक्षा में एक मजबूत रक्षा कवच की भूमिका निभा रहे हैं। इलाके के हिसाब से देखें तो यह एयरफोर्स स्टेशन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और भारत के सुरक्षा तंत्र की एक अहम कड़ी है। क्षेत्र में शांति, स्थिरता को बनाए रखने के लिए जवानों की सतर्कता और परिचालन तैयारी महत्वपूर्ण है। आज जवान को युद्धक से इतर सोशल मीडिया पर दुश्मन द्वारा प्रचारित-प्रसारित की जाने वाली भ्रामक जानकारी को लेकर भी जागरूकता बनाए रखने की जरूरत है।



2022 में लागू हुई अग्निपथ योजना

गौरतलब है कि 2022 में सरकार ने जब अग्निपथ योजना की शुरुआत की थी। तब ये निर्णय लिया था कि जवानों को सेना, वायुसेना और नौसेना में 4 साल के लिए भर्ती किया जाएगा। इसके बाद 25% को सेनाओं में स्थायी नौकरी प्रदान की जाएगी। जबकि बाकी बचे हुए 75% को बाहर कर दिया जाएगा। बाहर होने वाले सैनिकों के लिए केंद्र ने योजना की घोषणा के कुछ समय बाद अर्धसैन्यबलों में नौकरी में 20% आरक्षण देने की व्यवस्था की थी। इसके अलावा कुछ राज्य सरकारों ने भी इन्हें सरकारी नौकरी देने का वादा किया था।

गीता के संदेश ने बदला फैसला

राजनीति में उतरने से पहले खुद से जूझ रही थीं सोनिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राजनीति में आने को लेकर लंबे समय तक असमंजस में थीं। पति और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 1991 में हत्या के बाद वह राजनीति की दुनिया से दूर रहना चाहती थीं। लेकिन परिवार की जिम्मेदारियों और कांग्रेस पार्टी की स्थिति को लेकर उनके मन में चल रहे संघर्ष के बीच भगवद्गीता ने उन्हें रास्ता दिखाया। सोनिया गांधी ने अपनी नई किताब 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' में राजनीति में सक्रिय होने से पहले के अपने मानसिक संघर्ष और उथल-पुथल का जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक के आखिरी वर्षों में जब कांग्रेस मुश्किल दौर से गुजर रही थी।



मुझे अपने संदेहों और सवालों का जवाब मिल गया

7 दिन के रेस्ट के बाद शूटिंग संभव

अमिताभ की सेहत बिगड़ी केबीसी की शूटिंग बंद हुई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता अमिताभ बच्चन की तबीयत ठीक नहीं होने के कारण लोकप्रिय क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) की शूटिंग पिछले एक सप्ताह से रुकी हुई है। शो के निर्माताओं ने फिलहाल नए एपिसोड की शूटिंग रोकने का फैसला किया है। अमिताभ पिछले कुछ समय से अच्छा महसूस नहीं कर रहे हैं। अमिताभ ने शनिवार को अपने ब्लॉग में कामकाज की पुरानी दिनचर्या में धीरे-धीरे लौटने की बात कही। उन्होंने लिखा कि रोजमर्रा की जिंदगी से दूर रहने के बाद फिर उसी रफ्तार में ढलना आसान नहीं होता। कभी-कभी उन्हें चश्मा और मोबाइल तक याद नहीं रहता, लेकिन स्कूल के आठवीं कक्षा के दिनों की बातें आज भी याद हैं।



'रामायण' वाला एपिसोड पहले ही हो चुका टेलीकास्ट

जयपुर में सूट की दुकानों में लगी भीषण आगः मचा हड़कंप

जयपुर। जयपुर के परकोटे में हल्दियों के रास्ते में स्थित सूट की दो दुकान में आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल की 4 गाड़ियां और मानक चौक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों और नुकसान का पता नहीं चल पाया है। घटना माणक चौक थाना इलाके के हल्दियों का रास्ता दड़ा मार्केट में रविवार रात 9 बजे की है। कानोता मार्केट में सलवार सूट की दुकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने आसपास बाजार बंद करवा दिया है। देखते ही देखते आग की चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि, प्रथम दृष्ट्या शॉर्ट सर्किट या पटाखे से आग लगने का कारण माना जा रहा है।



CRPF एसआई का जबरन अंतिम संस्कारः शहीद का दर्जा देने के लिए 15 घंटे धरना

चौमूं (जयपुर)। जयपुर के किशनगढ़-रेनवाल में शनिवार को पुलिस ने CRPF के SI सुधीर स्वामी (30) का जबरन अंतिम संस्कार कराया। विरोध कर रही महिलाओं को घसीटा और डंडे मारे। शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर ग्रामीण 15 घंटे से धरने पर बैठे थे। एसआई की आइजोल (मिजोरम) में ड्यूटी के दौरान गोली लगने से 5 नवंबर को मौत हो गई थी। पार्थिव देह शुक्रवार रात करीब 10 बजे पैतृक गांव मूंडियागढ़ (चारणवास) पहुंची, तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

5 नवंबर की रात करीब 10 बजे आइजोल (मिजोरम) स्थित गवर्नर ऑफिस में ड्यूटी के दौरान सब-इंस्पेक्टर सुधीर स्वामी के केबिन में गोली चली। शुरुआती रिपोर्ट में सर्विस राइफल से खुद को गोली मारने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस और विभागीय स्तर पर मौत के सटीक कारणों की आधिकारिक जांच की जा रही है। शुक्रवार रात 10 बजे पार्थिव देह रेनवाल थाने पहुंचते ही परिजन और जनप्रतिनिधि 7 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए थे। उन्होंने शहीद दर्जा देने सहित 7 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्टर, CM और केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। 15 घंटे तक चले धरने पर कई दौर की वार्ता चली। वार्ता में SDM सर्वेश शर्मा और तहसीलदार गंगाबिशन गुर्जर ने नियमानुसार शहीद का दर्जा और अनुकंपा नियुक्ति देने से इनकार किया। बात नहीं बनने पर दोपहर करीब 1 बजे पुलिस ने बल प्रयोग कर धरना हटवाया। हालांकि, SDM ने परिजनों की अन्य मांगों को राज्य और केंद्र सरकार तक भेजने का भरोसा दिया। लोगों का आरोप था कि घटना के 3 दिन बीत जाने के बाद भी मौत की सही वजह सार्वजनिक नहीं की जा रही है।



पाली जिला युवा कांग्रेस कमेटी: कार्यकारिणी विस्तार और प्रशिक्षण शिविर पर चर्चा



थिंक राजस्थान • पाली। पाली जिला युवा कांग्रेस कमेटी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की पहली मासिक बैठक शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश सवनसा के नेतृत्व में एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा के सान्निध्य में हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, कार्यकारिणी विस्तार तथा आगामी दिनों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। अभिषेक चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए केक काटा और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष राकेश सवनसा ने कहा कि युवा कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। संगठन में बेहतर कार्य करने वाले और जिम्मेदारी निभाने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने के अवसर देंगे। ला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश सरवनसा एवं अन्य पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं की भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी, निम्बाडा ने बताया की वह भी छात्र राजनीति से व युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे हैं व राजनीति में अपनी पहचान बनाने व आगे बढ़ने के लिए युवक कांग्रेस सबसे सही जगह है। बैठक में जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, महिला नेता नीलम बिड़ला, देसूरी ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चौहान, पाली विधानसभा अध्यक्ष रिकी सिंह, बाली विधानसभा अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, उपाध्यक्ष विजय जोशी, पाली युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अरबाज, देसूरी ब्लॉक अध्यक्ष हरीश भाटी, जीवाराम पंवार, मोहम्मद साजिद सहित युवा कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ब्रीफ न्यूज

नागौर में गोदाम से 800 स्कूली बैग चुराए:3 नशेड़ी दोस्तों ने की चोरी



थिंक राजस्थान • नागौर

नशे की लत पूरी करने के लिए तीन दोस्तों ने चोरी का ऐसा रास्ता चुना कि एक गोदाम को ही अपना ठिकाना बना लिया। करीब 15 दिनों तक लगातार गोदाम में चोरी की वारदातों को अंजाम देते हुए आरोपियों ने 800 स्कूली बैग पार कर दिए। इनमें से 600 से ज्यादा बैग शहर के बाजार में आधी कीमत पर बेच भी दिए। 180 रुपए कीमत वाला बैग महज 90 रुपए में बेचकर दुकानदारों को सस्ते सामान का लालच दिया। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके दो साथी अभी फरार हैं। मामला नागौर के कुम्हारी दरवाजा स्थित गोदाम का है। गोदाम मालिक मोहम्मद रफीक ने 3 नवंबर को कोतवाली थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके किराए के गोदाम से लगातार सामान चोरी हो रहा है। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि कुम्हारवाड़ा निवासी मुदित प्रजापत उर्फ मोहित ने अपने दोस्त गिरधारी और एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि तीनों आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए गोदाम को निशाना बना रहे थे। आरोपी एक ही दिन में दो-दो बार गोदाम पहुंचते और मौका देखकर सामान चोरी कर ले जाते थे।

पाली के बिजली घर और टायर शॉप में लगी आग: फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

थिंक राजस्थान • पाली

पाली में शुक्रवार देर शाम को शहर के धोला चोतरा स्थित बिजली घर परिसर में पड़े कचरे में और नया गांव रोड स्थित एक ट्यूब-टायर की शॉप में आग लग गई। हालांकि, समय रहते आग बुझा दी गई। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार, पाली शहर के धोला चोतरा बिजली घर परिसर में पड़े कचरे में शुक्रवार देर शाम को आग लग गई। आग लगने का कारण साफ नहीं हुआ है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि पटाखे की चिंगारी से आग लगी होगी। सूचना पर दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया। इसी तरह शहर के नया गांव रोड स्थित एक ट्यूब-टायर की शॉप में भी आग लग गई। लोगों ने दुकान से धुंआ उठता देखा तो शॉपकीपर को कॉल कर बुलाया और आस-पास के दुकानदारों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पा लिया।

आधी रात हिरणों का शिकार, मारकर पेड़ पर लटकाया: डिब्बे में बंद रहस्यमयी सामान से आवाज कर रहे थे, शोर सुनकर भागे



थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बाड़मेर के धनाऊ थाना क्षेत्र में शिकारियों ने शुक्रवार (6 नवंबर) रात में दो हिरणों को मार दिया। तीसरे को मारने की कोशिश में शोर मचा तो भाग गए। इससे पहले शिकारियों ने एक मरे हुए हिरण के पैर बांधकर पेड़ पर उल्टा लटका दिया। घटना नेहरों की नाड़ी और बिसारणिया गांव में रात करीब 12 बजे की है। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी एक रहस्यमयी डिब्बा लाए थे, उसमें से आ रही आवाज से वे हिरणों को अपनी ओर बुला रहे थे। लगातार हो रहे शिकार से गुस्साए वन्यजीव प्रेमी और ग्रामीण शुक्रवार रात से धरने पर बैठे हैं। वे आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।



एडवोकेट जगदीश ढाका ने बताया कि धनाऊ के नेहरों की नाड़ी, बिसारणिया गांव के चारों तरफ रेतीले धोरें हैं। यहां हिरणों की संख्या ज्यादा है। शुक्रवार रात दो हिरणों को मारने के बाद शिकारी तीसरे हिरण का पीछा करते हुए ग्रामीण कंवराराम चौधरी के पशुओं के बाड़े तक पहुंच गए। उनके हाथ में लोहे का एक डिब्बा था। उसमें कुछ सामान डालकर वे आवाज कर रहे थे, ताकि हिरणों का ध्यान अपनी तरफ खींच सकें। डिब्बे की आवाज सुनकर बाड़े में बंधी गाय और भैंस घबराकर भागने लगीं और चिल्लाने लगीं। उनकी आवाज कंवराराम और दूसरे ग्रामीण जाग गए। कंवराराम और दूसरे ग्रामीणों गांव ने बाहर आकर शिकारियों को ललकारा, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने शिकारियों का पीछा किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। धनाऊ पुलिस का कहना है कि देर रात 3 आरोपियों को हिरासत में लिया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है।

9 महीनों में ही 25 हजार से ज्यादा का रजिस्ट्रेशन: प्रॉपर्टी कारोबार बूम पर

सवा 2 साल में 94 हजार संपत्तियों का पंजीयन

थिंक राजस्थान • उदयपुर

टूरिस्ट सिटी उदयपुर में भूमि, भवन, मकान, दुकान, फ्लैट, विला, होटल-रिसॉर्ट जैसी अचल संपत्ति के बाजार में मजबूती का रुख लगातार कायम है। उपपंजीयक कार्यालय प्रथम और द्वितीय के आंकड़े बताते हैं कि उदयपुर शहर व शहर की परिधि के 30 किमी क्षेत्र में बीते सवा दो वर्षों (जनवरी 2024 से सितंबर 2026) के दौरान दोनों कार्यालयों में कुल 94,185 संपत्तियों का पंजीयन दर्ज किया जा चुका है।

आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 रियल एस्टेट कारोबार के लिहाज से सबसे मजबूत वर्ष साबित हुआ, जब दोनों कार्यालयों में मिलाकर रिकॉर्ड 35,080 संपत्तियों का पंजीयन पूरा हुआ। इसके बाद वर्ष 2025 में 30,636 व चालू वर्ष 2026 के शुरुआती नौ महीनों (जनवरी से सितंबर) में 25,854 संपत्तियों का पंजीयन दर्ज हुआ है। हाल ही बीते अक्टूबर महीने के आंकड़ों का दैनिक स्तर पर विश्लेषण करने पर पता चला कि त्योहारी सीजन का असर पंजीयन की गति पर नजर आया। पूरे महीने में जहां कार्यदिवसों के दौरान रोज औसतन 132 संपत्तियों का पंजीयन हुआ, वहीं 15 अक्टूबर के बाद त्योहारों की शुरुआत के साथ दैनिक पंजीयन का औसत 125 से बढ़कर 141 दर्ज हुआ। यह सीधे तौर पर 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है, जो शहर में प्रॉपर्टी के प्रति आमजन और निवेशकों के मजबूत रुझान का संकेत है।

त्योहारी सीजन में बढ़ा ग्राफ, डुप्लेक्स-विला की मांग मार्केट ट्रेंड के अनुसार शहरवासी, अधिकारी, राजनेता और कारोबारी अब आलीशान बिल्डिंगों में फ्लैट खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। कई बड़े कारोबारी हाइराइज बिल्डिंगों में 5 से 10 करोड़ रुपए तक के लक्जरी डुप्लेक्स खरीद रहे हैं। वहीं शहर की 30 किमी परिधि में भूमि और विला की मांग भी तेजी से बढ़ी है।

इसका असर अक्टूबर माह के आंकड़ों में साफ दिखा। महीने के शुरुआती 11 कार्यदिवसों में रोज औसतन 125 संपत्तियों का पंजीयन हो रहा था, जो 16 से 29 अक्टूबर के बीच बढ़कर 141 पर पहुंच गया। विशेष रूप से द्वितीय कार्यालय में दैनिक औसत 44 से उछलकर 64 पंजीयन प्रतिदिन पहुंच गया। 26 अक्टूबर को दोनों कार्यालयों में रिकॉर्ड 192 पंजीयन हुए, जिसमें प्रथम कार्यालय में सर्वाधिक 113 सौदे दर्ज किया गया। उदयपुर-राजसमंद जिले की परस्पर सटी सीमा पर भी रिकॉर्ड खरीदारी सामने आई है।

4 बाइकें टकराईं, एक युवक की मौत; दो महिलाओं सहित 6 घायल

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर के खाजूवाला थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम अलग-अलग तीन जगहों पर चार मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई। रावला, आनंदगढ़ और गुल्लूवाली रोड पर हुए इन हादसों में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं सहित 6 से ज्यादा लोग घायल हो गए। चार घायलों की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें खाजूवाला से बीकानेर रेफर किया गया। वहीं, पुलिस मामले में जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम तीन अलग-अलग जगहों पर चार मोटरसाइकिलें आपस में टकरा गईं। हादसों में घायल हुए लोगों में ईंट-भट्टों पर काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसी के साथ एक युवक के शराब के नशे में मोटरसाइकिल चलाने की बात भी सामने आई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी। हादसे की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत 28 केजेडी के सरपंच मनोज खिलेरी और ग्राम पंचायत 2 केएलडी के सरपंच कमलेश गिला मौके पर पहुंचे। दोनों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों को गंभीर हालत में बीकानेर रेफर किया गया।

पुलिस के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान मनोहर लाल नायक निवासी चक 1 बीएम, 14 बीडी के रूप में हुई है। श्रवण कुमार नायक और राजू नायक निवासी 2 केएलडी भी हादसे में घायल हुए हैं। अन्य घायलों में ईंट-भट्टों पर काम करने वाले मजदूर शामिल हैं। सूचना मिलने पर खाजूवाला थाने से सब इंस्पेक्टर कोहर सिंह, एएसआई श्रवण कुमार, मोनू सिंह मीणा और हेड कांस्टेबल खिंयाराम सियाग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर हादसों के कारणों की जांच शुरू की है।

दीपावली पर रोशनी से जगमगाया बीकानेर

थिंक राजस्थान • बीकानेर

दीपावली पर इस बार बीकानेर रोशनी और सजावट के रंगों से जगमगा उठा। शहर में इस बार सजावट का दायरा पुराने गेटों से आगे बढ़कर सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख सर्किल और पुराने शहर के बाजारों तक पहुंचा। पब्लिक पार्क क्षेत्र को खास तौर पर सजाया गया। वहीं, पंचशती सर्किल पर हुई भव्य सजावट और आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही। शहर की सबसे खास सजावट पंचशती सर्किल पर देखने को मिली। शुक्रवार रात केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, मेयर अनिल कल्ला और कलेक्टर निशांत जैन ने यहां पूजा-अर्चना की। इस दौरान बीकानेर विकास प्राधिकरण (बीडीए) के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। पूजा के साथ ही आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हुआ। सर्किल पर श्रीनाथजी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसके चारों ओर हुई आतिशबाजी और आसमान में छाए रंगों ने पूरे दृश्य को आकर्षक बना दिया। यह सजावट और आतिशबाजी बीडीए की ओर से करवाई गई। आमतौर पर दीपावली पर कोटगेट सहित शहर के कुछ प्रमुख गेटों को ही सजाया जाता था। लेकिन पिछले कुछ सालों से पब्लिक पार्क क्षेत्र को भी खास तौर पर सजाने की परंपरा बढ़ी है।

2100 ईंटों से तैयार किया सवा 11 फीट चौड़ा दीपक: देवउठनी एकादशी तक जगमगाएगा, भक्त भी तेल अर्पित कर रहे

थिंक राजस्थान • भीलवाड़ा

मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कोटड़ी श्याम मंदिर में धनतेरस पर दीपक प्रज्वलित किया गया। मिट्टी और गोबर से बने इस दीपक को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाया गया। सवा 11 फीट चौड़े दीपक के निर्माण में करीब 2100 ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। साल 2018 से चली आ रही इस परंपरा के तहत दीपक छोटी दीपावली से देवउठनी एकादशी तक अखंड रूप से जलता रहेगा। इस मौके पर मंदिर परिसर में संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

कोटड़ी श्याम मंदिर में हर साल धनतेरस पर विशाल दीपक प्रज्वलित किया जाता है। इस परंपरा की प्रेरणा अयोध्या से ली गई थी। धनतेरस पर जलने वाला यह



दीपक छोटी दीपावली से देवउठनी एकादशी तक अखंड रूप से जलता रहता है। दीपक की ज्योत लगातार जलती रहे, इसके लिए गांव के लोग अपनी श्रद्धा के अनुसार तेल अर्पित करते हैं। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु भी तेल अर्पित कर इस परंपरा में सहभागी बनते हैं। इस बार विशाल दीपक को खास स्वरूप दिया गया है। यह सवा 11 फीट चौड़ा है। इसके निर्माण में करीब 2100 ईंटों के साथ मिट्टी और गोबर का इस्तेमाल किया गया है। मुख्य दीपक के दोनों तरफ छोटे आकार के दो-दो दीपक भी बनाए गए हैं। दीपक का निर्माण ठाकुरजी और सर्वेश्वर महादेव के मंदिर के सामने किया गया है। इसे तैयार करने में कारीगरों और भक्तों को लगातार तीन दिन तक दिन-रात मेहनत करनी पड़ी। दीपक को आकर्षक स्वरूप देने के लिए विशेष सजावट भी की गई।

बारिश से बचाने के लिए तिरपाल-टेंट की व्यवस्था

कोटड़ी श्याम के दर्शन के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। विशाल दीपक की परंपरा को देखने और अखंड ज्योत के दर्शन के लिए भी बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। बारिश से दीपक की ज्योत सुरक्षित रखने के लिए मंदिर ट्रस्ट की ओर से तिरपाल और टेंट की व्यवस्था की जाती है। विशाल दीपक के प्रज्वलित होते ही युवाओं में इसके साथ सेल्फी लेने और तस्वीरें खींचने का उत्साह दिखा। जेन-जी के युवाओं ने दीपक के साथ फोटो और वीडियो बनाए। इन्हें सोशल मीडिया पर शेयर कर मंदिर की इस धार्मिक परंपरा को अपने मित्रों और परिचितों तक पहुंचाया। इस तरह वर्षों पुरानी परंपरा से नई पीढ़ी भी जुड़ती दिखाई दी। इस मौके पर मंदिर परिसर में आकर्षक लाइटिंग भी की गई। मान्यता के अनुसार, त्रेतायुग में 14 वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या लौटे थे। उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर पूरी नगरी को रोशन किया था। दीपावली पर दीप जलाने की परंपरा इसी प्रसंग से जुड़ी मानी जाती है।

सहेलियों की बाड़ी से छीने दो महिलाओं के पर्स, रोकने पर चाकू दिखाकर भागे

थिंक राजस्थान • उदयपुर

गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में एक युवती ने बांसवाड़ा के संस्थान के खिलाफ सरकारी स्कूलों में ट्रेनर की नियुक्ति देने के बदले राशि वसूलने और वेतन नहीं देने का मामला दर्ज करवाया है।

सेक्टर-14 के अंबेडकर नगर निवासी हिमा सालवी ने रिपोर्ट दी कि बांसवाड़ा की श्री शिक्षण एवं सेवा संस्थान चेयरमैन विजय उपाध्याय, सचिव गुलशन भट्ट, ट्रेजरी एंड एचआर रौनक उपाध्याय, बांसवाड़ा निवासी गणेश पंचाल और सेक्टर-14 निवासी चिरायु जोशी ने सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्किल एजुकेशन देने के लिए 18 हजार रुपये प्रतिमाह पर कई स्किल ट्रेनरों को नियुक्त किया। इसमें वह भी शामिल थीं। डेढ़ साल बाद भी संस्थान ने वेतन नहीं दिया। इसके उलट, नियुक्ति देने और स्थायी करने के लिए कंपनी ने ट्रेनरों से 1.70 लाख रुपए लिए थे। उन्होंने आरोप लगाया के उनके साथ वीनू सालवी, पलक सोलंकी, चेतना श्रीमाली, प्रियंका श्रीमाली, प्रियंका सनाढ्य और जय श्रीमाली से भी राशि वसूली और वेतन भी नहीं दिया। पुलिस जांच कर रही है।

जयपुर में 500-ड्रोन ने आसमान में बनाए राममंदिर,गणेश-लक्ष्मी समेत 15-आकृतियां: शो देखने विदेशी टूरिस्ट भी पहुंचे, अमर जवान ज्योति पर 10 हजार दीपक से बनाई कलाकृतियां

थिंक राजस्थान • जयपुर



जयपुर में छोटी दिवाली पर जयपुर नगर निगम और जेडीए की ओर से पहली बार अमर जवान ज्योति के सामने जनपथ पर 500 ड्रोन ने 15 मिनट में आसमान में ॐ, दीपक, शुभ दिवाली,नगर निगम, गणेश जी, लक्ष्मी जी,कुबेर जी, खुशियों वाली दिवाली, रंगोली, राम मंदिर समेत 15 आकृतियां बनाई। नगर निगम मेयर सुनील कोठारी और कमिश्नर ओम कसेरा ने स्विच ऑन कर ड्रोन शो की शुरुआत की। ड्रोन शो को देखने के लिए बड़ी संख्या में जयपुरवासी सहित विदेशी टूरिस्ट भी पहुंचे। इससे पहले अमर जवान ज्योति पर 10 हजार से ज्यादा दीपक से अलग-अलग कलाकृतियां बनाई गई हैं।

वहीं, 8 नवंबर को रात 9:30 बजे यहीं पर 15 मिनट विशेष आतिशबाजी होगी। दिवाली के मौके पर नगर निगम ने शहर को सजाने के लिए घरों, बाजारों, वार्डों और संस्थानों के लिए प्रतियोगिताएं भी शुरू की हैं। घर सजाने वाले लोगों को इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर, एलईडी टीवी और स्मार्टफोन जीतने का मौका मिलेगा।

ड्रोन शो देखने उमड़े लोग

जयपुर के अमर जवान ज्योति पर ड्रोन शो का आयोजन किया गया। यहां 500 ड्रोन ने 15 मिनट में अलग-अलग कलाकृतियां बनाई गई। इस दौरान जयपुरराइट्स ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। जयपुर के जोबनेर क्षेत्र के कालख बांध को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) से जोड़ने की मांग को लेकर कालख बांध भराव संघर्ष समिति के नेतृत्व में अनूठा प्रदर्शन किया गया। लोगों ने अपनी सालों पुरानी पीड़ा को सरकार तक पहुंचाने के लिए दीपोत्सव का रास्ता चुना। लोगों की ओर से सामूहिक रूप से एक लाख दीपक जलाए गए। 500 ड्रोन ने 15 अलग-अलग कलाकृतियां बनाईः 15 मिनट के शो में 500 ड्रोन ने 15 अलग-अलग कलाकृतियां दिखाई। शुभ दीपावली, नगर निगम लिखा, गणेश- लक्ष्मी जी और जेडीए की तस्वीर बनाई।

अमर जवान ज्योति पर 10 हजार दीपक से बनाई कलाकृतियां

जयपुर नगर निगम की ओर से अमर जवान ज्योति पर 10 हजार ज्यादा दीपक से अलग-अलग कलाकृतियां बनाई गई हैं। बड़ी संख्या में शहरवासी जनपथ पर भव्य आयोजन को देखने पहुंचे।



ब्रीफ न्यूज

ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में आज सजेगी राजसी झांकी

थिंक राजस्थान • जयपुर

गुलाबी नगरी के चांदपोल स्थित ऐतिहासिक ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में रविवार को रियासतकालीन वैभव और अनूठी भक्ति परंपरा का भव्य संगम देखने को मिलेगा। इस पावन अवसर पर पुरातन शाही परंपराओं के अनुसार ठाकुरजी का अलौकिक शृंगार कर मनोहारी राजसी झांकी सजाई जाएगी। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि आयोजन का मुख्य आकर्षण ठाकुरजी की पारंपरिक रजवाड़ी पोशाक होगी, जिसे जरदोजी तथा सोने-चांदी के तारों (आरी-तारी) की बारीक नक्काशी से तैयार किया गया है। स्थानीय बोलचाल में 'जामा' कहलाने वाली इस शाही पोशाक का घेर 36 मीटर का है, जो राजस्थानी हस्तशिल्प और राजसी ठाठ-बाट का बेजोड़ उदाहरण प्रस्तुत करता है।

इमाम दस्ते में पोटाश कूटते वक्त धमाका, तीन घायल

थिंक राजस्थान • जयपुर

विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के ईश्वर नगर में शनिवार देर शाम इमाम दस्ते में पोटाश कूटते समय तेज धमाके के साथ पोटाश फट गया। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। धमाका इतना तेज था कि मकान में लगी खिड़कियों के शीशे टूट गए। इमाम दस्ते के टुकड़े-टुकड़े हो गए। घायलों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज जारी है। इनमें यासीन खान की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मकान की पहली मंजिल पर किराए से रहने वाला यासीन खान इमाम दस्ते में पोटाश कूट रहा था। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। पोटाश फट गया। आवाज से आसपास के लोग सहम गए। हादसे में यासीन खान के साथ महेंद्र मीणा और उसका बेटा यश मीणा भी घायल हो गए। घटना की सूचना पर विश्वकर्मा थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह भाटी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। तीनों का एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है। यासीन खान की हालत गंभीर बताई जा रही है।

45% चयनित ने परिचालक की नौकरी जॉइन नहीं किया

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान रोडवेज में परिचालक की सरकारी नौकरी मिलने के बावजूद 45 प्रतिशत चयनित अभ्यर्थी जॉइन करने नहीं पहुंचे। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 500 पदों पर भर्ती निकाली थी। इनमें अंतिम रूप से चयनित 471 अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी हुए, लेकिन 211 ने अपने आवंटित डिपो में जॉइन नहीं किया। रोडवेज प्रशासन ने बार-बार पत्र लिखे, फिर भी नहीं आने पर इनकी नियुक्ति रद्द कर दी। अब रिक्त पदों पर वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों को मौका मिल सकेगा। माना जा रहा है कि करीब दो साल चली भर्ती के दौरान कुछ चयनितों को दूसरी नौकरियां मिल गईं या परिचालक की नौकरी से उनका मोहभंग हो गया। हालांकि, सवाल है कि वेटिंग वालों को नियुक्ति मिलने पर कितने अभ्यर्थी जॉइन करेंगे।

दिवाली से पहले प्रदेश की हवा दिल्ली जैसी जहरीली, अलवर में कोहरा


थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान का हवा की क्वालिटी दिवाली से पहले ही खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। शनिवार (7 नवंबर) सुबह भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा) में हवा की क्वालिटी बहुत खराब वाले स्तर (300 से ऊपर) पर थी। इसी दिल्ली के अलग-अलग एरिया में भी हवा की क्वालिटी बहुत खराब वाले लेवल पर थी। भिवाड़ी के अलावा जयपुर, अलवर, बीकानेर जैसे जिलों में भी हवा का क्वालिटी खराब (200-300 के बीच) वाले लेवल पर थी। वहीं, शुक्रवार के पूरे प्रदेश में दिन में हल्की गर्मी है। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तापमान 35 से 38 डिग्री के बीच बना रहा। हालांकि रात के तापमान में बीते एक सप्ताह में गिरावट आई है। शुक्रवार को अजमेर सहित कई जिलों में हल्के बादल छाए रहे। अलवर में सुबह कोहरा रहा। मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिन तक प्रदेश के तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने के संकेत दिए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) से लगते जिलों में प्रदूषण के कारण सर्दी की शुरुआत में हालात बिगड़ गए है। बीते एक सप्ताह से भिवाड़ी, अलवर सहित दूसरे एरिया में तेजी से हवा की क्वालिटी खराब हुई है। शनिवार सुबह भिवाड़ी में दिल्ली के आनंद विहार सहित दूसरे इलाकों जैसा प्रदूषण लेवल था। दिवाली के दिन और उसके बाद प्रदूषण का स्तर और खराब होने की आशंका है। यहां लोगों को सांस लेने तक में परेशानी हो रही है।

माउंट आबू सबसे ठंडा

पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर में रही। यहां दिन का तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस रहा। बाड़मेर के अलावा जोधपुर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़, पाली में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। रात में सबसे ज्यादा सर्द माउंट आबू रहा। यहां न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। माउंट आबू के अलावा सीकर में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने एक सप्ताह आसमान साफ रहने की संभावना जताई है। इस दौरान दिनभर धूप रहने और कुछ शहरों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिलेगा।



अवैध पटाखों का बड़ा जखीरा पकड़ा: 7-8 लाख का माल जब्त

19 कार्टन पटाखों के साथ दुकानदार गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जयपुर

त्योहारों के सीजन में जयपुर पुलिस ने अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एयरपोर्ट और जामडोली थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक दुकान से अलग-अलग ब्रांड के 19 कार्टन पटाखे जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत 7 से 8 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं, जामडोली क्षेत्र में दो दुकानदारों के यहां से 27 अलग-अलग लेबल के करीब 30 हजार रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए गए हैं।





आरोपी आकाश शर्मा निवासी शिव कॉलोनी, प्रेम नगर, आगरा रोड, जयपुर को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एयरपोर्ट थाने में मुकदमा दर्ज कार्रवाई की गई है। एयरपोर्ट थानाधिकारी विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी का पीसी रिमांड प्राप्त किया है। अब पटाखों की खरीद और सप्लाई के स्रोत का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

जगतपुरा में पटाखा दुकान पर दबिश, 8 लाख का माल बरामद

डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया- एयरपोर्ट थाना पुलिस ने जगतपुरा में SBI बैंक के सामने स्थित भारत पटाखा शॉप पर दबिश देकर अवैध पटाखों का जखीरा पकड़ा। दुकान संचालक आकाश शर्मा (23) बिना लाइसेंस के पटाखों का भंडारण और बिक्री कर रहा था। पुलिस ने दुकान से अलग-अलग ब्रांड के कुल 19 कार्टन पटाखे जब्त किए। इनकी अनुमानित बाजार कीमत 7 से 8 लाख रुपए है। पुलिस ने

जामडोली में दो दुकानदार पकड़े, 27 तरह के पटाखे जब्त

इसी अभियान के तहत जामडोली थाना पुलिस ने आगरा रोड स्थित पालड़ी मीणा में विनायक चैंबर के पास पटाखा दुकानों की जांच की। थानाधिकारी रतन सिंह कवरिया के नेतृत्व में गठित दो विशेष टीमों ने विजयपुरा, सुमेल, पुरानी चुंगी और मीना पालड़ी क्षेत्र में दुकानों के लाइसेंस की जांच की। इस दौरान मनोज कुमार (31) निवासी जे.डी.ए. कॉलोनी, पालड़ी मीणा और बिजेन्द्र कुमार बड़गूजर (47) निवासी वरुण विहार, पालड़ी मीणा बिना स्थाई या अस्थाई अनुज्ञापत्र के पटाखों की बिक्री करते मिले। पुलिस ने दोनों दुकानों से 27 अलग-अलग लेबल के करीब 30 हजार रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए।

RBSE एग्जाम में बदलेगी आंसरशीट, 40 सवालों की होगी नई कॉपी

थिंक राजस्थान • बीकानेर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) की साल 2027 की बोर्ड परीक्षाओं में स्टूडेंट्स को मिलने वाली आंसर शीट में बदलाव किया गया है। अब आंसर लिखने के लिए नई तरह की मेन आंसरशीट मिलेंगी। दरअसल, बोर्ड ने माध्यमिक और उच्च माध्यमिक एग्जाम के लिए 40 प्रश्नों की कोडिंग वाली नई आंसरशीट तैयार करवाई हैं। इनका उपयोग केवल सैद्धांतिक परीक्षाओं में किया जाएगा।

बोर्ड ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और परीक्षा केंद्रों को नई कॉपियों के वितरण और पुरानी कॉपियों के निस्तारण को लेकर निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में बोर्ड ने शुक्रवार को बीकानेर जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) को भी निर्देश भेजे हैं।

बोर्ड के मुख्य नियंत्रक (परीक्षा) की ओर से 6 नवंबर को जारी आदेश के अनुसार, साल 2027 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए सभी परीक्षा केंद्रों को 40 प्रश्नों की कोडिंग वाली नई मुख्य उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ये कॉपियां बोर्ड के संबंधित ट्रांसपोर्ट स्टेशन पर पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भेजी जाएंगी। परीक्षा केंद्रों को इन्हें प्राप्त कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्टूडेंट्स को उपलब्ध कराना होगा।

पुलिस की FIR में निर्दोष लोगों को फंसाने का आरोप

झुंझुनूं कलेक्ट्रेट पहुंचे डाबड़ी बलौदा के ग्रामीण



थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

झुंझुनूं के देलसर कलां गांव हत्याकांड को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। मामले में दर्ज दो एफआईआर में निर्दोष लोगों के नाम शामिल करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को डाबड़ी बलौदा के ग्रामीण जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपकर दोनों मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराने और निर्दोष लोगों के नाम हटाने की मांग की। ग्रामीणों के दिए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पंचायत चुनाव की रंजिश के चलते कुछ लोगों ने अपने बचाव में दूसरे पक्ष के लोगों को भी हत्या के मामले में नामजद करवा दिया। संदीप बलौदा ने आरोप ने कहा कि उनका, अनिल और सुभाष का नाम एफआईआर में गलत तरीके से शामिल करवाया गया है। इसी प्रकार दूसरी एफआईआर संख्या 240/2026 में कृष्ण कुमार का नाम भी गलत रूप से दर्ज करवाने का आरोप है।

ज्ञापन के अनुसार, 4 नवंबर की रात संदीप बलौदा अपने परिवार और गांव के लोगों के साथ डाबड़ी बलौदा स्थित अपने ऑफिस में पंचायत चुनाव में पड़े वोटों का आकलन कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि देलसर कलां में एक व्यक्ति की हत्या हो गई है और गांव में तनाव का माहौल है। सूचना मिलने पर संदीप और उनके साथ मौजूद ग्रामीण देलसर कलां पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि उनके पहुंचने से पहले ही पुलिस मृतक और घायलों को हॉस्पिटल ले जा चुकी थी। मौके पर करीब 250 लोग मौजूद थे। संदीप ने बताया- देलसर कलां उनकी मां के पंचायत समिति चुनाव क्षेत्र में आता है। ऐसे में वहां के ग्रामीणों ने उनसे घटना की निष्पक्ष जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने ग्रामीणों को प्रशासन के माध्यम से न्याय दिलाने का भरोसा दिया था। आरोप है कि इसी घटनाक्रम के बाद उनका नाम हत्या के मामले में दर्ज एफआईआर में शामिल करवा दिया गया।

रोहित शेट्टी के घर फायरिंग कराई थी

गैंगस्टर हैरी बॉक्सर अमेरिका में पकड़ा गया: बिजनेसमैन को धमकाया था- इतनी गोलियां दागूंगा, सात पीढ़ी याद रखेगी

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में बॉक्सिंग कोच रह चुके गैंगस्टर हैरी बॉक्सर को अमेरिकी एजेंसी ICE ने कैलिफोर्निया में पकड़ लिया है। हैरी बॉक्सर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा था। हैरी अमेरिका में रहकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग चला रहा था। हैरी बॉक्सर ने फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। इसके अलावा एक्टर सलमान खान, कपिल शर्मा और रणवीर सिंह समेत बॉलीवुड की कई हस्तियों को धमकाने के आरोप भी उस पर लगे हैं। जयपुर में बिजनेसमैन को धमकी दी थी कि - इतनी गोलियां दागूंगा, सात पीढ़ी याद रखेगी।

हैरी बॉक्सर कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर-नारायणपुर का



रहने वाला है। हैरी जयपुर में रहकर बॉक्सिंग की ट्रेनिंग लेता था। यहां बॉक्सिंग कोच के रूप में भी काम कर चुका है। इसी दौरान उसकी मुलाकात बदमाशों से हुई। धीरे-धीरे वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ गया।

हैरी बॉक्सर विदेश में बैठकर राजस्थान के कारोबारियों को फोन और वॉट्सएप के जरिए धमकी देकर रंगदारी मांगता रहा है। जयपुर के नारायण विहार के रहने वाले बिजनेसमैन ने उसके खिलाफ मामला दर्ज करा रखा है। जयपुर पुलिस और राजस्थान एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) उसके स्थानीय नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई करती रही है। पुलिस ने उसके इशारे पर रंगदारी वसूलने वाले कई गुर्गों को भी गिरफ्तार किया था। अमेरिका में हैरी बॉक्सर से पहले गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और नीरज फरीदपुरिया को भी हिरासत में लिया जा चुका है। दोनों भारत में कई आपराधिक मामलों में वांछित है। विदेश में रहकर आपराधिक नेटवर्क संचालित करने वाले गैंगस्टरों के खिलाफ भारतीय एजेंसियां भी लगातार कार्रवाई कर रही हैं। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) व एटीएस के प्रमुख ADG दिनेश एमएन ने बताया कि हैरी बॉक्सर के खिलाफ राजस्थान और पंजाब में जबरन वसूली, हत्या के प्रयास जैसे 10 से ज्यादा मामले दर्ज है। ज्यादातर मामले आरोपी पर रंगदारी के है।

जमीन अधिग्रहण करने पर मुआवजे की जगह मिलेंगे डवलपमेंट राइट्स

जितनी जमीन, उसके दोगुना क्षेत्रफल पर निर्माण का मिल सकता अधिकार

थिंक राजस्थान • जयपुर

प्रदेश के शहरों में सार्वजनिक सुविधाओं और विकास कामों के लिए जमीन अधिग्रहण करने पर अब नकद मुआवजे की जगह डवलपमेंट राइट्स देने का प्रावधान किया जाएगा। इन डवलपमेंट राइट्स को बिल्डर या प्राइवेट व्यक्ति को बेचा जा सकेगा। शहरों में सड़क, पार्क और दूसरी सुविधाओं के लिए जमीन अधिग्रहण करने पर प्रभावित व्यक्तियों को बाजार दर पर नकद मुआवजा देने की जगह ट्रांसफरेबल डवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) का सर्टिफिकेट देने का प्रावधान होगा।

सरकार ने इसके लिए नई टीडीआर पॉलिसी का मसौदा तैयार किया है। नई पॉलिसी के अनुसार- शहरों में सड़क और दूसरे विकास कामों के लिए जितनी जमीन ली जाएगी, उसके बदले दोगुना क्षेत्रफल तक अतिरिक्त निर्माण का अधिकार मिलेगा। इस पॉलिसी के प्रावधानों पर जनता से राय मांगी गई है।

जनता की राय के बाद इस पॉलिसी को अंतिम रूप देकर जारी किया जाएगा। नई टीडीआर पॉलिसी लागू होने के बाद विकास कामों और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए जमीन अधिग्रहण में यह फार्मूला काम लिया जाएगा।

जयपुर में परकोटे, चारदीवारी क्षेत्र में टीडीआर का इस्तेमाल करके अतिरिक्त निर्माण नहीं कर सकेंगे। हेरिटेज इमारतों और प्रतिबंधित भवन वाले क्षेत्र में भी इसके इस्तेमाल पर रोक रहेगी। जिसकी जितनी जमीन का अधिग्रहण होगा, उसके बदले डेढ़ से दोगुना विकास अधिकार (टीडीआर) मिलेगा

नई पॉलिसी में शहरों में सड़कों के लिए जमीन अधिग्रहण करने पर प्रभावित जमीन मालिक को जमीन के क्षेत्रफल का दोगुना ट्रांसफरेबल डवलपमेंट राइट देने का प्रस्ताव है। पार्क, खेल मैदान और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए जमीन देने पर जमीन के क्षेत्रफल का डेढ़ गुना तक विकास अधिकार मिलेंगे। सड़क के लिए जमीन लेने पर जमीन के क्षेत्रफल का दोगुना तक का टीडीआर सर्टिफिकेट मिलेगा, इसे खुद काम लेने के अलावा दूसरे को बेचकर पैसा कमाया जा सकेगा।

शहरों में सड़क और दूसरे विकास कामों के लिए जितनी जमीन ली जाएगी, उसके बदले दोगुना क्षेत्रफल तक अतिरिक्त निर्माण का अधिकार मिलेगा। अगर किसी ने 1000 वर्गमीटर जमीन दी है तो उसे 2000 वर्गमीटर में निर्माण करने का अधिकार मिलेगा। सरकार को जमीन देकर टीडीआर सर्टिफिकेट लेने वाला व्यक्ति खुद यह निर्माण कर सकेगा। इस सर्टिफिकेट को किसी बिल्डर,डवलपर या दूसरे व्यक्ति को बेच भी सकेगा। इससे खरीदने वाले को अतिरिक्त निर्माण का अधिकार मिल जाएगा, यही ट्रांसफरेबल डवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) है। सड़क बनाने के लिए टीडीआर का इस्तेमाल करके जमीन अधिग्रहण करने पर समय सीमा तय की गई हे। टीडीआर के तहत सड़क प्रोजेक्ट के लिए जमीन लेने पर एक साल में प्रक्रिया पूरी करनी होगी। एक साल में कोई जमीन सरेंडर नहीं करता है तो फिर इसका अनिवार्य अधिग्रहण किया जा सकेगा।

रोशनी से नहाया बिलाड़ा, सजावट महोत्सव ने बढ़ाई बाजारों की रौनक



थिंक राजस्थान • बिलाड़ा। दीपावली पर्व पर पूरा नगर रोशनी से जगमगा उठा है। बाजारों से लेकर गली-मोहल्लों और घरों से लेकर प्रतिष्ठानों तक रंग-बिरंगी विद्युत झालरों और आकर्षक रोशनी ने उत्सवी माहौल बना दिया है। इस बार नगर की सजावट में नगरपालिका की ओर से पहली बार आयोजित दीपावली सजावट महोत्सव प्रतियोगिता ने खास रंग भर दिया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमजन के साथ विभिन्न संगठनों ने भी पंजीकरण करवाकर अपने परिसरों को आकर्षक ढंग से सजाया है। जीव दया फाउंडेशन, गणेशजी मंदिर बालियावास और सदर बाजार सेवा समिति सहित कई संस्थाओं ने रोशनी की विशेष व्यवस्था की है। वहीं नगरपालिका की ओर से सोजती गेट से बढ़ेर चौक तक छतरी डिजाइन में की गई विद्युत सजावट राहगीरों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नगरपालिका कार्यालय के सामने भी भव्य रोशनी की गई है। यहां आकर्षक सजावट के बीच बनाया गया सेल्फी पॉइंट लोगों को खूब लुभा रहा है। शाम होते ही लोग यहां तस्वीरें लेने पहुंच रहे हैं। नगरपालिका अध्यक्ष महेंद्रसिंह पालावत ने नगरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पर्व को आपसी प्रेम, सौहार्द और उल्लास के साथ मनाने की अपील की।

ब्रीफ न्यूज

ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताहः स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

थिंक राजस्थान • जोधपुर

मिशन लाइफ के तहत 1 से 7 नवंबर तक चले 'ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह' का शनिवार को स्वच्छता और कचरा न्यूनीकरण के संदेश के साथ समापन हुआ। जोधपुर वनमंडल की भोपालगढ़, ओसियां, बिलाड़ा, मंडोर, लूणी और शेरगढ़ रेंज में वन विभाग ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से अभियान चलाया। अंतिम दिन मंदिरों, चिकित्सालय परिसरों में सफाई कर लोगों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही रोजमर्रा में कचरा कम करने, एकल उपयोग प्लास्टिक से बचने और पुनः उपयोग होने वाली वस्तुओं को अपनाने का संदेश दिया। सप्ताह के दौरान स्वस्थ जीवनशैली के तहत योग, खेलकूद, पौधारोपण और इको वॉक हुई। ऊर्जा संरक्षण दिवस पर एक घंटे तक अनावश्यक बिजली उपकरण बंद रखे गए। जल संरक्षण के तहत टांकों की सफाई, पाइपलाइनों की मरम्मत और रातानाडा के राजकीय विद्यालय में छात्राओं को जल अंकेक्षण की जानकारी दी गई।

आबकारी विभाग ने जब्त की 1030 लीटर अवैध मदिरा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान आबकारी आयुक्तालय के निर्देश पर जोधपुर जिले में अवैध मदिरा की रोकथाम और अवैध प्रचार सामग्री हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। 6 नवंबर तक 26 अभियोग दर्ज कर 1030 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई। इनमें 22 साधारण और 4 महत्वपूर्ण प्रकरण शामिल हैं। अभियान अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (जोन-जोधपुर) के नेतृत्व में उपायुक्त आबकारी निरोधक दल और सहायक आबकारी अधिकारी के निर्देशन में चलाया गया।

गोबर से खाद-बायोगैस बनाएंगे, पानी बचाएंगे पशुपालक



थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल वीक के तहत 1 से 7 नवंबर तक पशुपालन विभाग की ओर से पशुपालकों को पर्यावरण संरक्षण और सतत पशुपालन के प्रति जागरूक करने के लिए सप्ताहभर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पशु अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन और जलवायु अनुकूल पशुपालन पद्धतियों पर विशेष जोर दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ. रेवतराम देवड़ा ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 1 नवंबर को ब्लॉक वेटरनरी हेल्थ ऑफिस में मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण की शपथ, योगाभ्यास, कार्यालय की साफ-सफाई और जागरूकता कार्यक्रम के साथ हुआ। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र पटेल ने बताया कि सप्ताहभर गौशालाओं और पशु चिकित्सा संस्थानों में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा पशु आवासों में पानी के दक्ष उपयोग की जानकारी दी गई। गौशालाओं में खेलियों की मरम्मत की समीक्षा कर गोवंश को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। पशुपालकों को गोबर से कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट और बायोगैस बनाने के लिए प्रेरित किया गया। उदलियावास के प्रगतिशील पशुपालक पूसाराम सीरवी के बायोगैस प्लांट का अवलोकन भी कराया गया। नाबार्ड वित्त पोषित परियोजना के तहत आई माता मिलेट समूह के बाजरे के बिस्कुट निर्माण और जैविक खेती पर संगोष्ठी हुई।

करणपुरा को मिलेगा पब्लिक लाइब्रेरी और खेल मैदानः सुंडा ने सीसीटीवी लगाने का किया था वादा

थिंक राजस्थान • सीकर

सीकर जिले की दांतारामगढ़ पंचायत समिति की करणपुरा गांव में वकील राजेंद्र सुंडा सरपंच चुने गए हैं। राजेंद्र सुंडा ने MLA-MP चुनावों की तर्ज पर घोषणा पत्र जारी किया था। चुनाव के दौरान उनका घोषणा पत्र काफी चर्चा में रहा। इसमें गांव में पब्लिक लाइब्रेरी और खेल मैदान बनवाने के साथ पूरे गांव में CCTV कैमरे लगवाने का वादा किया गया था।

अब ग्रामीणों की नजरें इन वादों पर अमल और गांव के विकास पर रहेंगी। जीत के बाद सरपंच सुंडा ने कहा कि राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। सरपंच का घोषणा पत्र काफी चर्चा में है। सुंडा ने चुनावों के दौरान बाकायदा घोषणापत्र जारी किया था। घोषणा पत्र में राजेंद्र सुंडा ने गांव में आधुनिक सुविधाएं युक्त लाइब्रेरी खुलवाने, हर घर नया नल कनेक्शन करवाने, युवाओं के लिए खेल ग्राउंड डवलप करने और पूरे गांव के प्रमुख रास्तों को CCTV कैमरों से लैस करवाने की घोषणा की थी। सरपंच सुंडा ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल विकास कार्य करवाना नहीं, बल्कि गांव की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना है। ग्रामीणों के सहयोग और राज्य सरकार के कॉर्डिनेशन से करणपुरा को एक स्वच्छ, सुरक्षित, शिक्षित, विकसित और आदर्श ग्राम पंचायत बनाया जाएगा।



सगाई के बाद मंगेतर ने युवती से किया रेपः कई बार बनाया शिकार

घर छोड़कर जाने पर हुआ खुलासा; दिल्ली में FIR दर्ज

थिंक राजस्थान • सीकर

सीकर में 19 साल की युवती से रेप का मामला सामने आया है। युवती के मंगेतर ने ही उसके साथ रेप किया। मां से नाराज होकर युवती दिल्ली चली गई। वहां पुलिस ने उससे पूछा तो युवती ने अपने साथ रेप होना बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 साल की युवती सीकर जिले की रहने वाली है। करीब 1 साल पहले घरवालों ने उसकी सगाई पड़ोसी कस्बे के रहने वाले एक युवक से करवा दी थी। युवक ने अगस्त से अक्टूबर के बीच कई बार युवती के साथ घर जाकर रेप किया। युवती के विरोध करने पर वह बोलता कि अब तो शादी होने वाली है। हाल ही में किसी बात को लेकर युवती का अपनी मां से झगड़ा हो गया। ऐसे में युवती नाराज होकर ट्रेन में बैठकर दिल्ली चली गई। वह काफी देर तक स्टेशन पर घूमती मिली। ऐसे में वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उससे पूछताछ की।

दिल्ली में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

तब उसने बताया कि मंगेतर ने ही उसके साथ रेप किया है। ऐसे में दिल्ली में जीरो नंबर की FIR दर्ज हुई जो बाद में सीकर पुलिस को ट्रांसफर कर दी गई। अब पुलिस ने मंगेतर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

मादक पदार्थ तस्करी मामले में एक गिरफ्तार, प्रोडक्शन वारंट पर अरेस्ट

थिंक राजस्थान • जोधपुर



जोधपुर की चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी रविंद्र सैनी (30) पुत्र मनमोहन सैनी निवासी पीपलिया मंडी को भीलवाड़ा जिले की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी अफीम बरामदगी के के मामले में मुख्य आरोपी है। फिलहाल पुलिस उससे इस पूरे मामले को लेकर पूछताछ करेगी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने करीब डेढ़ साल पहले एनडीपीएस एक्ट को लेकर एक कार्रवाई की थी। जिसमें 469 ग्राम के करीब अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद किया गया था। इस मामले में मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। जबकि मामले मेंपूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

हालांकि किसी एक अन्य मामले में उसे भीलवाड़ा जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जहां से वह जेल में था। ऐसे में पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए से जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लाई। यहां पर पुलिस उससे यह पूछताछ करेगी कि आरोपी कहां से मादक पदार्थ खरीद कर लाया था उसे कहां सप्लाई किया जाने वाला था और उसके साथ और कौन-कौन लोग हैं। पुलिस इस पूरे सप्लाई नेटवर्क के खेल को खंगालेगी।

सुतली बम पर रखा गिलास, स्टील का टुकड़ा पेट में घुसाः बच्चे की हालत गंभीर

थिंक राजस्थान • अजमेर

अजमेर में पटाखे जलाने के दौरान 4 बच्चे घायल हो गए। एक बच्चे के पेट में स्टील का डेढ़ सेमी का टुकड़ा घुस गया है। जबकि एक बच्ची को गहरा कट लग गया। जेएलएन हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने डेढ़ घंटे तक ऑपरेशन कर बच्चे के पेट में फंसे स्टील के टुकड़े को निकाला।

बच्चों ने सुतली बम के ऊपर स्टील का गिलास रख दिया। ब्लास्ट होने के बाद स्टील का टुकड़ा आसपास खड़े बच्चों को जा लगा। हादसे में प्रज्ञा (10) पुत्री हेमराज को कट लग गया और दिशांत (8) पुत्र नीरज के पेट में डेढ़ सेंटीमीटर का स्टील का टुकड़ा घुस गया। परिजन घायलों को तत्काल जेएलएन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। परिजनों के अनुसार, गिलास का टुकड़ा लगने से दिशांत के पेट में गंभीर चोट आई है। दिशांत का 28 नवंबर को जन्मदिन है। घटना अलवर गेट थाने शनिवार सुबह 11 बजे की है। जेएलएन हॉस्पिटल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. अमित यादव ने बताया- बच्चे का करीब डेढ़ घंटे तक ऑपरेशन चला। इस दौरान पेट से स्टील का टुकड़ा निकाल दिया गया। फिलहाल बच्चे की हालत ठीक है। हालांकि, एहतियात के तौर पर उसे निगरानी में रखा गया है और उपचार जारी है।

अजमेर में IGL की गैस लाइन में लगी आग, लीक होने लगी गैस



थिंक राजस्थान • अजमेर

अजमेर के आजाद नगर क्षेत्र में बिछाई गई इन्द्रप्रस्थ गैस पाइप लाइन में आज अचानक आग लग गई। आग के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल हो गया। सूचना के बाद दमकल मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया। पास ही बिजली का ट्रांसफार्मर भी लगा था। गनीमत रही कि कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। आग से कोई जान-माल की हानि नहीं हुई। पुलिस व कंपनी के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। अग्निशमन अधिकारी गौरव तंवर ने बताया- क्षेत्र से करीब साढ़े तीन बजे सूचना मिली कि यहां बिछाई गई गैस पाइप लाइन में नाले के नीचे से गैस का रिसाव हो रहा है। आग लगी है। इसके बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी।

टीम ने फोम और पानी की मदद से आग पर काबू पाया। करीब पन्द्रह बीस मिनट में आग पर नियंत्रण कर लिया। इसी बीच आईजीएल कंपनी ने भी सूचना मिलने पर गैस सप्लाई बंद कर दी। मौके पर पुलिस भी पहुंची। पास ही ट्रांसफार्मर भी लगा था। लेकिन गनीमत रही कि कोई नुकसान नहीं हुआ। कंपनी ने लाइन दुरस्त करने का काम शुरू कर दिया है।

सालासर में ट्रेलर की टक्कर से शराब से भरी पिकअप पलटी

थिंक राजस्थान • सालासर

गांव पार्वतीसर पुलिया के पास शुक्रवार को ट्रेलर की टक्कर से शराब से भरी पिकअप पलट गई। इससे उसका चालक घायल हो गया। पिकअप पलटने पर उसमें भरे शराब के कार्टन सड़क पर बिखर गए। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों ने पुलिस को घटना की जानकारी। एसएचओ शंकरलाल भारी ने बताया कि पिकअप चालक रामनिवास निवासी लिखमीसर, श्रीडूंगरगढ़ शुक्रवार को चूरू गोदाम से पिकअप में शराब भरकर सांडवा की तरफ जा रहा था। पार्वतीसर पुलिया के पास सामने से आ रहे ट्रेलर के चालक ने पिकअप के टक्कर मार दी, जिससे चालक घायल हो गया। ट्रेलर चालक सोनू निवासी कैथल (हरियाणा) के कोई चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सालासर पुलिस व सुजानगढ़ आबकारी सीआई बनवारी लाल ने वहां उपस्थित लोगों की सहायता से घायल चालक को सालासर के राजकीय अस्पताल पहुंचाया।

ब्लाइंड मर्डर का हत्यारा गिरफ्तारः अनैतिक संबंधों के रुपए नहीं देने से नाराज था आरोपी

थिंक राजस्थान • बालोतरा

बालोतरा पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का दो दिन में खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि अनैतिक संबंधों के एवज में रुपए नहीं मिलने से नाराज होकर युवक ने हत्या की है। मृतक का शव निर्माणाधीन जिला हॉस्पिटल के पास मिला था। पुलिस ने मामले में आरोपी मुकेश उर्फ ढोला उर्फ अजमल को जोधपुर के बोरानाडा से गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी राजेश कुमार कांवट ने बताया कि 5 नवंबर को पचपदरा पुलिस को निर्माणाधीन जिला अस्पताल के पीछे खून से लथपथ शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतक के बेटे ने रिपोर्ट में बताया कि 4 नवंबर की शाम उसके पिता को किसी का फोन आया था, जिसके बाद वे घर से निकले और वापस नहीं लौटे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पचपदरा डीएसपी और कल्याणपुर थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। एफएसएल और एमओबी टीमों ने मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए।

तकनीकी विश्लेषण और मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने बोरानाडा (जोधपुर) निवासी मुकेश उर्फ ढोला को संदिग्ध मानकर डिटेन किया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह और मृतक पहले से परिचित थे और दोनों के बीच अनैतिक संबंध थे। संबंधों के एवज में तय रुपए नहीं मिलने से नाराज होकर उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस फिलहाल आरोपी से घटना में प्रयुक्त साधनों और अन्य पहलुओं को लेकर गहन पूछताछ कर रही है।

उपस्थिति पंजिका चोरी करने का आरोप, प्रधानाचार्य पर क्रॉस केस

थिंक राजस्थान • श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी कार्यालय की उपस्थिति पंजिका को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले में अब डीईओ (मुख्यालय) प्रारंभिक एवं जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी हरलाल सहारण ने प्रधानाचार्य हरविन्द्र सिंह के खिलाफ क्रॉस में कोतवाली में 7 नवंबर को एफआईआर दर्ज करवाई है। आरोप है कि हरविन्द्र सिंह ने कार्यमुक्त होने के बाद कार्यालय से उपस्थिति पंजिका चोरी की और बाद में उसके पन्ने फाड़ दिए। आरोप है कि कार्यमुक्ति आदेश मिलने के बाद भी हरविन्द्र सिंह ने पुलिस को गुमराह कर झूठे एवं मनगढ़ंत तथ्यों के आधार पर उनके और उनके साथ गए कार्मिकों के खिलाफ 6 नवंबर रात को एफआईआर दर्ज करवाई। परिवादी हरलाल सहारण ने पुलिस को बताया कि हरविन्द्र सिंह जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक बीकानेर ने 10 जुलाई को उनका तबादला प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उमावि गजसिंहपुर कर दिया।

विदेशों में दिवाली का जश्न

व्हाइट हाउस में ट्रंप ने जलाया दीया, भारतीय मूल के लोगों ने भेंट की हनुमान चालीसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अलावा नेपाल, अमेरिका, ब्रिटेन, मलेशिया, सिंगापुर, मॉरीशस, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और त्रिनिदाद एवं टोबैगो सहित 20 से अधिक देशों में बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में इस साल भी दीवाली का जश्न देखने को मिला।

भारतीय मूल के लोगों ने डोनाल्ड ट्रंप के साथ ओवल ऑफिस में दिवाली मनाई। ओवल ऑफिस में पारंपरिक तरीके से दीये भी जलाए गए। इस खास मौके पर राष्ट्रपति ट्रंप को हनुमान चालीसा गिफ्ट किया गया।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ओवल ऑफिस में दीया जलाते हुए

भारतीय संस्कृति की दिखी झलक

समारोह में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा, मशहूर मिशेलिन स्टार शेफ विकास खन्ना और कनाडा की पूर्व सांसद रूबी ढल्ला समेत भारतीय मूल की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो और सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन के डिप्टी कमिश्नर अर्जुन मोदी भी मौजूद थे। इस आयोजन ने अमेरिकी राष्ट्रपति भवन में भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक पेश की।



दुनिया में शांति की कामना

भारतीय टेक उद्यमी विशाल गोंडल ने 'एक्स' लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दिवाली मनाना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने ट्रंप को हनुमान चालीसा भेंट की। गोंडल ने भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती और मजबूत होने की प्रार्थना की। उन्होंने लिखा कि उनकी कामना है कि अंधकार पर प्रकाश की जीत हो और दुनिया में शांति, समृद्धि, अच्छी सेहत और लंबी उम्र का आशीर्वाद सभी को मिले।

सिंगापुर में की गई विशेष साज-सज्जा



भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने सिंगापुर की सड़कों की तस्वीरें साझा की थीं, जिन्हें दीपावली के स्वागत में विशेष रूप से सजाया गया था।

टोक्यो में भारतीय व्यंजनों का आनंद लिया

जापान के आंतरिक मामलों और संचार मंत्री हिसायुकी फुजी, न्याय मंत्री ताकाशी यामाशिता और जापान में भारत की राजदूत नगमा मलिक ने टोक्यो में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित दीपावली समारोह का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही भारतीय व्यंजनों की विविधता भी पेश की गई, जिससे जापान में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक झलक



देखने को मिली। जापान स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि दोस्तों के साथ दीपावली का जश्न।

म्यांमार में दीपावली समारोह में राष्ट्रपति यू हुए शामिल



म्यांमार में 'नेशनल थियेटर यांगून' में राष्ट्रीय स्तर पर दीपावली मनाई गई। इसमें हिंदू समुदाय के कई समूहों ने हिस्सा लिया और 1200 से अधिक मेहमान शामिल राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी पत्नी, कुछ केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए।

खबर संक्षेप

पोलैंड में अंधाधुंध गोलीबारी, 6 की मौत

क्राको। पोलैंड के सबसे बड़े शहर क्राको के एक मुख्य बाजार में



शनिवार को एक भीषण गोलीबारी में कम से कम 6 लोगों की जान चली गई, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में संदिग्ध हमलावर को भी गोली लगी है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है।

पराग्वे में उपराष्ट्रपति पेड्रो ने संभाली सत्ता

असुनसियन। दक्षिण अमेरिका के पराग्वे में बड़ा सियासी उलटफेर हुआ है। एक बड़े बैंकिंग संकट के



बाद पराग्वे की संसद के उच्च सदन सीनेट ने राष्ट्रपति सैंटियागो पेना को महाभियोग के जरिए पद से हटा दिया गया है। उन्हें नजरबंद रखने का आदेश दिया गया है। उपराष्ट्रपति पेड्रो एलियाना ने नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली है।

बिश्नोई का करीबी हैरी बॉक्सर यूएस से अरेस्ट

वॉशिंगटन। गैंगेस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी हैरी बॉक्सर को अमेरिका में हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार



कर लिया गया है। हरियाणा एसटीएफ के मुताबिक, हरियाणा के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर हैरी बॉक्सर को अमेरिका से हिरासत में लिया गया, फिर गिरफ्तार किया गया है। वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग को अमेरिका में बैठकर ऑपरेट कर रहा था।

यूएन के बजट सलाहकार पैनल में शिवानी नामित

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र में राजनयिक शिवानी गुप्ता को संयुक्त राष्ट्र महासभा के महत्वपूर्ण बजट



सलाहकार पैनल में शामिल करने के लिए निर्विरोध नामित किया गया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट शिवानी इस प्रतिष्ठित समिति में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। महासभा की पांचवीं समिति ने यह निर्णय लिया।

बागडोगरा वायुसेना स्टेशन पर जवानों संग रक्षा मंत्री ने मनाई दीपावली, बोले

युद्ध अब केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जा रहे इसमें साइबर और ड्रोन के हमले भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुश्मन सोशल मीडिया के माध्यम से वह भ्रामक सूचनाएं फैलाकर स्थानीय लोगों और हमारे सैनिकों के मन में संदेह पैदा कर सकता है। ऐसी परिस्थितियों में आपकी भूमिका केवल एक सैनिक तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसका दायरा कहीं अधिक व्यापक हो जाता है

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा बलों से हर समय उच्च स्तर की तैयारी बनाए रखने का आह्वान किया है। उन्होंने उभरते सुरक्षा खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए क्षेत्रीय परिस्थितियों की गहरी समझ, साइबर हमलों से निपटने की क्षमता और सूचना की विश्वसनीयता एवं अखंडता को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

पश्चिम बंगाल के बागडोगरा वायुसेना स्टेशन पर 7 नवंबर, 2026 को दीपावली की पूर्व संध्या पर भारतीय वायु सेना के कर्मियों से बातचीत करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य पहले से कहीं अधिक जटिल हो गया है।

युद्ध अब केवल सीमाओं पर होने वाले पारंपरिक संघर्षों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें असममित युद्ध, छद्म युद्ध, साइबर हमले, ड्रोन के झुंड, भ्रामक सूचना प्रवाह और विमर्शों को प्रभावित करने जैसी चुनौतियां भी शामिल हो गई हैं।

अक्सर विरोधी सीधे टकराव से बचते हुए कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश करता है। सोशल मीडिया के माध्यम से वह भ्रामक सूचनाएं फैलाकर स्थानीय लोगों और हमारे सैनिकों के मन में संदेह पैदा कर सकता है। ऐसी परिस्थितियों में आपकी भूमिका केवल एक सैनिक तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसका दायरा कहीं अधिक व्यापक हो जाता है।

- जवानों के आचरण से सेना की छवि दिखती
- जवानों के साहस और समर्पण की सराहना की
- हर समय उच्च स्तर की तैयारी बनाए रखें



जवानों को मिठाई खिलाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

सेना के आधुनिकीकरण पर जोर

राजनाथ सिंह ने 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को साकार करने के सरकार के संकल्प को दोहराते हुए ड्रोन, ड्रोन-रोधी प्रणालियों और अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों के विकास में भारतीय स्टार्टअप्स एवं रक्षा उद्योगों की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने स्वदेशी तकनीकों को अपनाने के लिए रक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि ड्रोन संचालन और साइबर सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में नए कौशल विकसित करना समय की आवश्यकता है। रक्षा मंत्री ने भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए सेना को आधुनिक तकनीकों से लैस करने और उसकी तकनीकी क्षमताओं को निरंतर मजबूत बनाने पर भी जोर दिया।

स्थानीय जनता से जुड़ने की अपील की

रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा बलों के जवानों का आचरण, व्यवहार, भाषा और संयम स्थानीय समुदायों के बीच सेना की छवि निर्धारित करते हैं। उन्होंने सैनिकों से विशेष रूप से बागडोगरा और आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय लोगों के साथ अपना जुड़ाव मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे आम जनता व रक्षा बलों के बीच विश्वास एवं आत्मीयता का रिश्ता और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आप स्थानीय समुदाय के साथ जितना अधिक जुड़ेंगे, विरोधियों के षड्यंत्र उतने ही कमजोर होते जाएंगे।

बागडोरा पूर्वोत्तर क्षेत्र का अहम सुरक्षा तंत्र

राजनाथ सिंह ने बागडोगरा को विशेषकर पूर्वोत्तर क्षेत्र के संदर्भ में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र और देश के सुरक्षा तंत्र की एक अहम कड़ी बताया। इस क्षेत्र में तैनात वायु योद्धा पूर्वी इलाकों की सुरक्षा में मजबूत रक्षा कवच की भूमिका निभाते हैं। इस क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए उनकी सतर्कता और परिचालन तैयारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति रक्षा बलों के जवानों के साहस और समर्पण की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि तकनीकी प्रगति के बावजूद अनुशासन और साहस का महत्व हमेशा बना रहेगा।

न्यूजीलैंड में मतदान समाप्त, काउंटिंग शुरू

नेशनल और लेबर के बीच कांटे की टक्कर, छोटे दल हुए अहम



क्रिस्टोफर लक्सन



क्रिस हिपकिंस

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

न्यूजीलैंड के आम चुनाव की वोटिंग (7 नवंबर) संपन्न होने के कुछ देर बाद ही काउंटिंग शुरू हो गई। शुरुआती नतीजों में सत्तारूढ़ नेशनल पार्टी को 29.4 फीसदी और मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी को 29.9 फीसदी मत मिले। इस तरह दोनों के बीच मुकाबला बेहद करीबी हो गया है।

लगभग 35 फीसदी काउंटिंग होने के बाद ये स्पष्ट किया गया। शुरुआती रुझानों में नेशनल पार्टी आगे रही, जबकि मतगणना के दौरान लेबर पार्टी ने भी उसे कड़ी चुनौती दी। किसी भी प्रमुख दल को स्पष्ट बहुमत मिलने के संकेत नहीं हैं, और ऐसे में सरकार गठन में छोटे दलों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। न्यूजीलैंड के चुनाव आयोग ने 27 नवंबर को आधिकारिक नतीजे घोषित करने का कार्यक्रम तय किया है। विदेशों में रहने वाले न्यूजीलैंड के नागरिकों के वोट और विशेष मतों की गिनती भी अंतिम परिणाम में शामिल होगी।

पीएम लक्सन की पार्टी को 29.4% वोट

न्यूजीलैंड के चुनाव आयोग की शुरुआती मतगणना में नेशनल पार्टी को 29.4 प्रतिशत और लेबर पार्टी को 29.9 प्रतिशत वोट मिले। ग्रीन पार्टी 14.1 प्रतिशत, एसीटी न्यूजीलैंड 10.5 प्रतिशत और न्यूजीलैंड फर्स्ट पार्टी 9.3 प्रतिशत वोट के साथ अन्य प्रमुख दलों में शामिल रहे। ऑपरचुनिटी पार्टी को 5.4 प्रतिशत वोट मिले, जो संसद में प्रवेश के लिए जरूरी पांच प्रतिशत की सीमा से अधिक हैं। पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के नेतृत्व में नेशनल पार्टी मौजूदा गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही है। चुनाव से पहले आए सर्वेक्षणों में भी इस पार्टी को संभावित गठबंधन सरकार के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा था। हालांकि, नेशनल पार्टी के नेता लक्सन पहले ही अवसर पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना से इनकार कर चुके हैं।

महंगाई, स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दे अहम रहे

वहीं, लेबर पार्टी के नेता और पूर्व पीएम क्रिस हिपकिंस सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहे हैं। हिपकिंस 2023 के चुनाव में हार गए थे। इस बार उनका अभियान महंगाई, स्वास्थ्य सेवाओं और आम लोगों के जीवन-यापन की बढ़ती लागत जैसे मुद्दों पर केंद्रित रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था और बढ़ती बेरोजगारी प्रमुख मुद्दे रहे। देश लंबे आर्थिक सुस्ती के दौर से धीरे-धीरे उबर रहा है। बेरोजगारी दर 5.7 प्रतिशत तक पहुंचने और घरेलू बजट पर बढ़ते दबाव ने मतदाताओं की चिंताएं बढ़ाई हैं। नेशनल पार्टी ने बजट घाटा कम करने का मुद्दा उठाया था।

बांग्लादेश में फिर भारत विरोधी गतिविधि

टैगोर की तस्वीर पर कालिख पोती, बताया मुस्लिम विरोधी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में कवि रवींद्रनाथ टैगोर की तस्वीर पर कालिख पोती गई। घटना आज खुलना रेलवे स्टेशन के पास हुई। टैगोर की तस्वीर के पास कुछ पोस्टर भी लगाए गए, जिनमें लिखा था कि मुस्लिम विरोधी टैगोर की यहां कोई जगह नहीं है। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब बांग्लादेश में पिछले कुछ समय से भारत के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। कुछ प्रदर्शनकारी टैगोर पर ढाका यूनिवर्सिटी की स्थापना का विरोध करने का आरोप भी लगा रहे हैं। पीएम तारिक रहमान खुलना शहर में दौरे पर आने वाले हैं। इसके चलते ही स्थानीय प्रशासन ने रेलवे स्टेशन की दीवार पर ये चित्र बनवाए थे।



टैगोर के अलावा फकीर लालन शाह, काजी नजरुल इस्लाम, कलाकार एसएम सुल्तान और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान समेत कई जानी-मानी हस्तियों के चित्र थे। दीवार पर सुंदरबन, 60 गुंबद वाली मस्जिद और जूट उद्योग से जुड़े चित्र भी बनाए गए थे।

सरकारों और अदालत की मंजूरी जरूरी

केंद्र सरकार ने राज्यों के बीच कैदियों के तबादले की दी मंजूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 'पंजाब पुलिस एंड करेक्शनल सर्विसेज एक्ट, 2006' को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लागू कर दिया है, जिसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच कैदियों के तबादले और जेल प्रशासन के कामकाज में बदलाव से जुड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, 'पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966' की धारा 87 के तहत यह अधिसूचना जारी की गई है। इसके जरिए पंजाब के कानून को कुछ संशोधनों के साथ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लागू किया गया है। इन संशोधित प्रावधानों में चंडीगढ़ और अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के बीच कैदियों के तबादले की व्यवस्था की गई है।

ईरानी एयरोस्पेस फोर्स ने अपना विशेष स्मृति सप्ताह मनाया

पूर्व सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

दुश्मन के 260 विमान मारने और 7 ड्रोन सुरक्षित कब्जे में लेने का दावा

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान की इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) की एयरोस्पेस फोर्स ने अपना विशेष स्मृति सप्ताह मनाया। तेहरान के सरचेशमेह कल्चरल कॉम्प्लेक्स में आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल हुसैन मोहेब्बी ने पुराने क्षेत्रीय युद्धों से जुड़े प्रमुख लोगों और शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि एयरोस्पेस वीक, एयरोस्पेस फोर्स के शहीदों, उसके पूर्व सैनिकों, कमांडरों और उनके सम्मानित परिवारों को श्रद्धांजलि देने का एक कीमती अवसर है।



जमीन के नीचे बड़े पैमाने पर मिसाइल ठिकाने

प्रवक्ता मोहेब्बी ने बताया कि ईरान ने जमीन के नीचे बड़े पैमाने पर मिसाइल ठिकाने बनाए हैं। इन ठिकानों को बनाने में देश की अपनी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही, ईरान की भौगोलिक परिस्थितियों का भी फायदा उठाया गया है। ईरान की वायु रक्षा इकाइयों ने 'दुश्मन' के 260 विमानों को रोका और मार गिराया।

12 देशों के साथ विदेश मंत्री की चर्चा

क्षेत्रीय मुद्दों पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उन्होंने 48 घंटे (गुरुवार और शुक्रवार) के भीतर 12 देशों के अपने समकक्षों से संवाद स्थापित किया। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने इसकी जानकारी दी।

इजराइल में नई सरकार को लेकर असमंजस की स्थिति

आज होगा साफ, राष्ट्रपति हर्जोग के फैसले पर टिकी सबकी निगाहें

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल में नई सरकार किसकी होगी इसको लेकर तस्वीर अब भी साफ नहीं है। हाल ही संपन्न हुए चुनाव को लेकर राजनीतिक अनिश्चितता बनी हुई है। अब रविवार को साफ होगा कि राष्ट्रपति इसाक हर्जोग किसे मौका देते हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजेनकोट, दोनों ही बहुमत के आंकड़े से दूर हैं। ऐसे में हर्जोग के सामने चुनौती बड़ी है।



इसाक हर्जोग

एक उम्मीदवार को करेंगे आमंत्रित

राष्ट्रपति हर्जोग रविवार को सरकार गठन के लिए किसी एक उम्मीदवार को आमंत्रित करने वाले हैं। उन्होंने एक वीडियो मैसेज जारी कर कहा कि मैं आने वाले रविवार (8 नवंबर) को नेसेट (संसद) के एक सदस्य को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करूंगा। राष्ट्रपति के साथ राजनीतिक दलों के प्रमुखों की बातचीत गुरुवार को पूरी हुई। इस दौरान 120 सदस्यीय नेसेट (इजराइली संसद) के 67 सदस्यों ने आइजेनकोट के समर्थन में अपनी राय दी, जबकि नेतन्याहू को 46 सांसदों का समर्थन मिला।

आंकड़े आइजेनकोट के पक्ष में

हालांकि, चुनाव बाद संसद में मिले समर्थन के आंकड़े आइजेनकोट के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं, लेकिन उनकी राह भी आसान नहीं है। इसकी बड़ी वजह अरब पार्टियों का समर्थन है, जिसे आइजेनकोट सरकार में शामिल करने से इनकार कर चुके हैं। नेतन्याहू के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी और धार्मिक गठबंधन के पास 53 सीटें हैं।

लद्दाख में दुनिया का सबसे ऊंचा एयरबेस चीन सीमा से 23 किमी दूर

218 करोड़ से नवंबर 2025 में न्योमा को अपग्रेड करके नया एयरबेस बनाया गया था

वायुसेना का गजराज 13 हजार फीट की ऊंचाई पर सुरक्षित उतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने शनिवार को अपने भारी मालवाहक विमान आईएल-76एमडी की लद्दाख के न्योमा एयरबेस पर लैंडिंग करवाई। यह लैंडिंग 13,629 फीट की ऊंचाई पर हुई, जो दुनिया का सबसे ऊंचा एयरबेस है।

आईएएफ के मुताबिक, इस विमान की दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस पर लैंडिंग हुई। यह एयरबेस 1962 में शुरू हुआ था, लेकिन भारत-चीन युद्ध के बाद बंद कर दिया गया था।



लद्दाख के न्योमा एयरबेस पर गजराज की लैंडिंग

चीनी सीमा पर तेजी से पहुंच सकेगी मदद

आईएएफ के मुताबिक यह दुनिया का सबसे ऊंचा फाइटर-कैपेबल एयरफील्ड है। गजराज की लैंडिंग के बाद अब भारत, चीन बॉर्डर के बिल्कुल पास भारी हथियार, गाड़ियां और बड़ी संख्या में सैनिक बहुत तेजी से पहुंचा सकता है।

सर्दियों में तापमान माइनस 20 डिग्री तक गिर जाता

सिंधु नदी के किनारे स्थित न्योमा, लेह से करीब 180 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित है। न्योमा को मुध-न्योमा भी कहते हैं। मुध-न्योमा नाम बेस के पास स्थित मुध गांव से लिया गया है। यह पूर्वी लद्दाख में है और चीन बॉर्डर से सिर्फ 23 किमी दूर है। यहां सर्दियों में तापमान माइनस 20 डिग्री तक गिर जाता है, जिससे एयरबेस पर विशेष रखरखाव ढांचे की जरूरत पड़ती है। न्योमा एयरबेस 13,710 फीट की ऊंचाई पर है और यह दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस में से एक है। इसमें 2.7 किमी लंबा रनवे है।

लद्दाख में बनेगा दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे स्टेशन

प्रस्तावित बिलासपुर-मनाली-लेह रेललाइन पर तंगलांग ला दर्रे के पास टैंगला में समुद्र तल से 17,582 फीट की ऊंचाई पर एक रेलवे स्टेशन बनाने की योजना है। इसके निर्माण के बाद यह चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और चिंगहाई प्रांत की सीमा पर चिंगहाई-तिब्बत रेलवे लाइन पर 16,627 फीट की ऊंचाई स्थित तांगगुला रेलवे स्टेशन को पीछे छोड़ देगा। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा चुकी है। प्रस्तावित परियोजना की लागत करीब 1.31 लाख करोड़ रुपए है। यह रेललाइन हिमालय के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र से गुजरते हुए 489 किलोमीटर लंबा रेल संपर्क स्थापित करेगी। इसका उद्देश्य केवल लद्दाख को रेल नेटवर्क से जोड़ना ही नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से अहम इस सीमावर्ती क्षेत्र तक सैन्य साजो-सामान और आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही को मजबूत बनाना भी है। रक्षा मंत्रालय ने इसे रणनीतिक महत्व की परियोजना के रूप में चिह्नित किया है।

दैहिक, दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।।
सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।

राम-राज यानी आदर्श शासन। त्रेता युग में श्रीराम का शासन इसकी मिसाल रहा। प्रेम, करुणा, सद्भाव के साथ न्याय का राज चला। युग बदले और राजकाज का तौर तरीका भी बदलते गया। कालखंड के चौथे भाग कलयुग में राम राज की कल्पना मुश्किल लगती है, लेकिन देश में ऐसे दर्जनों गांव हैं, जहां आज भी राम-राज जैसे हालात हैं। छग में एक गांव तो ऐसा है, जहां 100 बरस से कोई अपराध नहीं हुआ, यह महज बानगी है। मदिरा सेवन से परहेज, रोजाना रामधुन, अपराध से विमुख ऐसे गांवों को हरिभूमि ने इस बार टटोला। ग्रामीणों से बात की और सिस्टम को समझा।

दीपावली का अर्थ है अंधकार से उजाले की ओर बढ़ना। भारत में घर-आंगन में दीप जलाकर मनाया जाने वाला यह पर्व घाना में एक अलग ही अर्थ के साथ दिखाई देता है। यहां दीपावली के अवसर पर भारतीय समुदाय के लोग उन दूरदराज के गांवों तक रोशनी पहुंचाने की पहल करते हैं, जहां अब तक बिजली नहीं पहुंची है। सोलर स्ट्रीट लाइटों के जरिए गांवों की गलियों को रोशन करने की यह कोशिश दीपोत्सव के मूल भाव को सामाजिक सरोकार से जोड़ती है। दूसरी ओर, राजधानी अकरा में भारतीय उच्चायोग के दीपावली उत्सव और मेले में स्थानीय घाना के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। वे भारतीय व्यंजनों का स्वाद लेते हैं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद उठाते हैं और भारतीय परंपराओं को करीब से जानने का अवसर पाते हैं।

घाना और केन्या

घाना में दीपावली पर सोलर लाइटों से रोशन होते हैं अंधेरे गांव, अकरा के उत्सवों में जुटते हैं लोग

दीपावली उत्सव और मेले में घाना के कलाकारों की प्रस्तुति, केन्या में घरों की सफाई और सजावट कर मां लक्ष्मी का स्वागत करते हैं श्रद्धालु

पेट्रोलियम इंजीनियर 43 वर्षीय कोफी बताते हैं कि अकरा में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित दीपावली उत्सवों और मेले में स्थानीय लोगों की अच्छी भागीदारी रहती है। घाना के प्रसिद्ध स्थानीय डांस ग्रुप बॉलीवुड गीतों और भारतीय थीम पर अपनी पारंपरिक अफ्रीकी ऊर्जा के साथ शानदार प्रस्तुतियां देते हैं। भारतीय संगीत और अफ्रीकी नृत्य की यह जुगलबंदी उत्सव को एक अलग पहचान देती है। घाना के बड़े होटलों और क्लबों में भी दीपावली नाइट्स आयोजित होती हैं, जहां भारतीय समोसे के साथ घाना का प्रसिद्ध व्यंजन 'जोलोफ राइस' परोसा जाता है। एक ही आयोजन में दो देशों के स्वाद और संस्कृतियां घुल-मिल जाते हैं।

कोको किसान और प्रबंधक अदजोआ बताती हैं कि हाल के वर्षों में घाना के भारतीय समुदाय ने स्थानीय लोगों और समाजसेवियों के साथ मिलकर दीपावली पर एक अनूठी पहल शुरू की है। इसके तहत उन दूरदराज के गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाती हैं, जहां बिजली की सुविधा नहीं है। इस पहल से गांवों की गलियों में रोशनी पहुंचती है और दीपावली का संदेश जरूरतमंद लोगों तक भी पहुंचता है। यह मानो मिट्टी के दीयों से निकलकर उजाले का किसी गांव की पूरी बस्ती तक पहुंच जाना है। घाना की तरह केन्या में भी दीपावली पर मां लक्ष्मी के स्वागत की परंपरा दिखाई देती है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाले 32 वर्षीय जॉमो बताते हैं कि दीपावली से पहले लोग अपने घरों की अच्छी तरह साफ-सफाई करते हैं, ताकि मां लक्ष्मी का स्वागत किया जा सके। घरों को रंग-बिरंगी रंगोली, दीयों और मोमबत्तियों से सजाया जाता है। स्थानीय मंदिरों में विशेष प्रार्थनाएं, भजन और महालक्ष्मी पूजन होते हैं। मंदिरों में प्रसाद, चाय और भोजन वितरित किया जाता है। लोग नए और चमकीले पारंपरिक कपड़े पहनते हैं, एक-दूसरे को मिठाइयां और उपहार देते हैं तथा सामूहिक भोज में शामिल होते हैं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से जुड़ीं किप्रोटिच बताती हैं कि केन्या में दीपावली सीमित या वैकल्पिक अवकाश की श्रेणी में आती है। इसलिए अधिकांश कार्यालय और व्यवसाय सामान्य दिनों की तरह खुले रहते हैं। इसके बावजूद भारतीय समुदाय के लोग छुट्टी लेकर या कामकाज के बाद एकत्रित होकर दीपावली मनाते हैं।





घाना और केन्या की ये तस्वीरें दीपावली के दो अलग-अलग लेकिन खूबसूरत रूप सामने लाती हैं। कहीं भारतीय और अफ्रीकी संस्कृति संगीत, नृत्य और खानपान के जरिए करीब आती हैं, तो कहीं एक दीपोत्सव किसी अंधेरे गांव की गलियों तक रोशनी पहुंचाने का माध्यम बनता है। यही दीपावली का वह उजास है, जो सीमाओं से परे जाकर उत्सव को अपनत्व और मानवीय संवेदना से जोड़ देता है।


लागोस और अबुजा के दीपावली मेलों में नाइजीरियाई बच्चों और कलाकारों की भागीदारी; भारतीय मिठाइयों, स्नैक्स और व्यंजनों का भी लेते हैं स्वाद

भारतीय गानों में अफ्रीकी बीट्स का तड़का नाइजीरिया में दीपावली पर थिरकते हैं स्थानीय

जब बॉलीवुड के गीतों पर अफ्रीकी बीट्स का तड़का लगता है और भारतीय धुनों के साथ नाइजीरियाई संगीत की लय घुलती है, तो एक ऐसा रंगीन संगम बनता है, जिसमें दो देशों की संस्कृतियां एक-दूसरे के करीब आ जाती हैं। नाइजीरिया में दीपावली के उत्सव कुछ इसी अंदाज में मनाए जाते हैं। यहां भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ स्थानीय नाइजीरियाई नागरिक भी इस पर्व की खुशियों में शामिल होते हैं। लागोस और अबुजा जैसे शहरों में आयोजित होने वाले दीपावली मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीत, नृत्य और भारतीय खानपान के जरिए दोनों संस्कृतियों का सुंदर मेल देखने को मिलता है।

27 वर्षीय डेटा साइंटिस्ट अबाबायोमी बताते हैं कि नाइजीरिया में भारतीय प्रवासियों की बड़ी आबादी रहती है, विशेषकर लागोस और अबुजा जैसे शहरों में। भारतीय समुदाय के साथ लंबे समय से बने सांस्कृतिक जुड़ाव के कारण स्थानीय नाइजीरियाई लोग भी दीपावली के आयोजनों में उत्साह से हिस्सा लेते हैं। लागोस में हर साल आयोजित होने वाला दीपावली मेला इसका प्रमुख उदाहरण है। इंडियन कल्चरल एसोसिएशन की ओर से आयोजित इन बड़े मेलों और पार्टियों में स्थानीय नागरिकों के साथ राजनेता और राजनयिक भी मेहमान के रूप में शामिल होते हैं।

इन आयोजनों में नाइजीरियाई बच्चे और स्थानीय कलाकार भारतीय बच्चों के साथ बॉलीवुड गीतों पर नृत्य करते हैं। खास बात यह है कि भारतीय गानों में अफ्रीकी बीट्स का ऐसा मेल किया जाता है कि संगीत की धुनें दोनों संस्कृतियों की पहचान बन जाती हैं। बॉलीवुड की लोकप्रिय धुनों पर अफ्रीकी लय का यह संगम उत्सव को एक अलग ही रंग देता है। यहां नृत्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मेल-मिलाप की भाषा बन जाता है। दीपावली के इन आयोजनों में खानपान भी आकर्षण का केंद्र रहता है। भारतीय संस्कृति को पसंद करने वाले स्थानीय नाइजीरियाई लोग भारतीय मिठाइयों, स्नैक्स और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेते हैं। इस तरह दीपावली उनके लिए भारत की परंपराओं, स्वाद और उत्सवधर्मिता को करीब से जानने का अवसर बन जाती है।



सोइ जानइ जेहि देहु जनाई। जानत तुम्हहि तुम्हइ होइ जाई॥
तुम्हरिहि कृपाँ तुम्हहि रघुनंदन। जानहिं भगत भगत उर चंदन॥

हे प्रभु! आपको वही जान पाता है जिसे आप जाना देते हैं, और जो आपको जान लेता है, वह आपका ही स्वरूप बन जाता है, अतः हे रघुनंदन! भक्तों के हृदय को शीतल करने वाले चंदन! आपकी कृपा से ही भक्त आपको जान पाते हैं।

जा पर कृपा राम की होई। ता पर कृपा करहिं सब कोई॥
जिनके कपट, दम्भ नहिं माया। तिनके हृदय बसहु रघुराया॥

जिन पर राम की कृपा होती है, उन्हें कोई सांसारिक दुःख छू तक नहीं सकता। परमात्मा जिस पर कृपा करते है उस पर तो सभी की कृपा अपने आप होने लगती है । और जिनके अंदर कपट, दम्भ (पाखंड) और माया नहीं होती, उन्हीं के हृदय में रघुपति बसते हैं अर्थात उन्हीं पर प्रभु की कृपा होती है।

नाइजीरिया



नाइजीरिया में दीपावली की यह तस्वीर बताती है कि संस्कृति का संवाद कई बार संगीत की एक धुन, नृत्य के एक कदम और मिठाई के एक स्वाद से शुरू होता है। भारतीय गीतों में घुलती अफ्रीकी बीट्स इस बात का सुंदर उदाहरण हैं कि अलग-अलग देशों की परंपराएं जब मिलती हैं, तो उत्सव के नए रंग जन्म लेते हैं।

विदेशों में बसे भारतीय उत्साह के साथ मनाते हैं दिवाली, भाई-दूज, छठ पूजा आदि का त्योहार

विदेशों में भारतीय त्योहारों की गूंज सुनाई देती है तो लगता है मानो 'दूरी बस नक्शे पर है, दिल तो अब भी भारत में धड़कता है









भारत अपनी विविध संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। चाहे व्यक्ति कहीं भी चला जाए, भारतीयता और अपने त्योहारों की खुशबू हमेशा उसके दिल में रहती है। यही कारण है कि विदेशों में बसे भारतीय हर साल दिवाली, भाई-दूज, होली या छठ पूजा जैसे त्योहारों को उतने ही धूमधाम से मनाते हैं जितना भारत में। अमेरिका, यूके के साथ ही भारत से बाहर सबसे अधिक भारतीय मूल के लोग संयुक्त अरब अमीरात , कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, मलेशिया, फिजी, मॉरिशस, दक्षिण अफ्रीका और त्रिनिदाद एंड टोबैगो में रहते हैं और दिवाली मनाते हैं। यहां के भारतीय बताते हैं कि यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं बल्कि परिवार और समुदाय को जोड़ने का माध्यम भी बनते हैं। दिवाली विदेशों में स्थानीय संस्कृति का भी हिस्सा बनती जा रही है। भारतीय कहते हैं कि विदेशों की गलियों में जब भारतीय त्योहारों की गूंज सुनाई देती है तो लगता है मानो 'दूरी बस नक्शे पर है, दिल तो अब भी भारत में धड़कता है।

कनाडा में लक्ष्मी पूजा, प्रार्थना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

बिलासपुर निवासी विकास ठाकुर कनाडा के कैलगरी शहर में रहते हैं। वे टीसीएस कंपनी में मैनेजमेंट हेड हैं। विकास बताते हैं कि त्योहारों की बात हो और भारतीय उसमें शामिल न हों, ऐसा कैसे हो सकता है। चाहे सात समंदर पार ही क्यों न हो, भारतीय हर त्योहार को पूरे दिल से मनाते हैं। टोरंटो, वैंकूवर, कैलगरी और मॉन्ट्रियल जैसे बड़े शहरों में मंदिर, सांस्कृतिक संस्थाएँ और स्थानीय समुदाय मिलकर इस पर्व को मनाते हैं। वे बताते हैं कि कनाडा के प्रमुख शहरों की सड़कों पर विशेष दिवाली मेलों का आयोजन होता है, जहाँ लोग पारंपरिक भारतीय परिधान पहनते हैं, दीये जलाते हैं, आतिशबाजी करते हैं और मिठाइयों का आनंद लेते हैं। कनाडाई संसद (पार्लियामेंट हिल) सहित विभिन्न सरकारी और सामाजिक मंचों पर भारतीय मूल के सांसदों और समुदाय के लोगों द्वारा दिवाली मिलन समारोह और पार्टियाँ आयोजित की जाती हैं।

यूके और आस्ट्रेलिया में भी दिवाली की मचती है धूम

यूनाइटेड किंगडम में तो भारतीय मूल के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। विशेषकर लंदन, लीसेस्टर, मैनचेस्टर और बर्मिंघम जैसे शहरों में। यहाँ दिवाली का उत्सव बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रूप से मनाया जाता है। लीसेस्टर सिटी की दिवाली लाइटिंग दुनिया में भारत के बाहर सबसे बड़ी दिवाली सेलिब्रेशन मानी जाती है। सड़कें रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाती हैं, भारतीय संगीत गूंजता है, और हजारों स्थानीय ब्रिटिश नागरिक भी इस उत्सव में शामिल होते हैं। लंदन में रहने वाले बिलासपुर के जयप्रकाश बताते हैं कि यहां के ट्राफलगर स्क्वायर में आयोजित " दिवाली आन द स्केवयर " इवेंट में भारतीय नृत्य, भोजन, योग और आयुर्वेद संस्कृति को प्रदर्शित किया जाता है। आस्ट्रेलिया निवासी तान्या सिंह बताती हैं कि भारतीय मूल के लोग ब्रिटेन के बाद ऑस्ट्रेलिया का दूसरा सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय हैं। सिडनी, मेलबर्न, ब्रिसबेन, पर्थ और कैनबरा जैसे प्रमुख शहरों में इसे व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। विभिन्न भारतीय संगठन, सांस्कृतिक क्लब और स्थानीय परिषदें मिलकर बड़े पैमाने पर मेलों, संगीत, नृत्य और आतिशबाजी का आयोजन करती हैं।

बिनु पद चलइ सुनइ बिनु काना। कर बिनु करम करइ बिधि नाना॥
आनन रहित सकल रस भोगी। बिनु बानी बकता बड़ जोगी॥

जो (परमात्मा) बिना पैरों के चलता है, बिना कानों के सुनता है बिना हाथों के नाना प्रकार के कर्म करता है मुख के बिना ही जगत के सारे रसों का आनंद लेता है, और बिना वाणी के सबसे सर्वश्रेष्ठ वक्ता है। हे पार्वती जिनका नाम लेकर मरते हुए प्राणी भी मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं, वह प्रभु रघुश्रेष्ठ और चराचर जगत के स्वामी श्री राम सभी के हृदय की बात जानने वाले हैं।

घाना और केन्या

दीपावली समारोह में भारत-लाइबेरिया फ्यूजन संगीत की प्रस्तुति; अनाथालयों, कैदियों और जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं भोजन और मिठाइयां

मोनरोविया में रामायण का मंचन, गरबा की थाप पर झूमते हैं लाइबेरियाई मेहमान

अफ्रीका के देश लाइबेरिया में दीपावली का उत्सव भारतीय संस्कृति के रंगों और मानवीय संवेदना के मेल से खास बन जाता है। राजधानी मोनरोविया में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जब रामायण के प्रसंगों का मंचन होता है, गरबा की थाप गूंजती है और भारत-लाइबेरिया फ्यूजन संगीत की स्वर-लहरियां बिखरती हैं, तो स्थानीय मेहमान भी इस उत्सव के रंग में रंग जाते हैं। यहां दीपावली केवल भारतीय समुदाय तक सीमित नहीं रहती।

लाइबेरिया के स्थानीय नागरिक, सरकारी अधिकारी और राजनयिक भारत के मित्रों के रूप में आमंत्रित किए जाते हैं। वे भारतीय संस्कृति, परंपराओं और खान-पान से रूबरू होते हैं और इस उत्सव का हिस्सा बनते हैं।

खनन और रबर उत्पादन से जुड़े 42 वर्षीय इमैनुएल बताते हैं कि मोनरोविया में भारतीय दूतावास दीपावली के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता है। इनमें रामायण नाटक का मंचन, गरबा नृत्य और भारत-लाइबेरिया फ्यूजन संगीत की प्रस्तुतियां प्रमुख आकर्षण होती हैं। इन आयोजनों में लाइबेरिया के स्थानीय नागरिकों, सरकारी अधिकारियों और राजनयिकों को आमंत्रित किया जाता है। भारतीय परंपराओं की झलक, रंग-बिरंगे परिधान, संगीत और खान-पान के बीच स्थानीय मेहमान भी पूरे उत्साह से दीपावली की खुशियों में सहभागी बनते हैं। इस उत्सव का एक मानवीय पक्ष भी है। लाइबेरिया के प्रमुख भारतीय व्यवसायी और संगठन दीपावली के अवसर पर स्थानीय अनाथालयों, कैदियों और जरूरतमंदों को भोजन तथा मिठाइयां वितरित करते हैं। इस पहल के जरिए त्योहार की खुशियां उन लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है, जिन्हें अक्सर ऐसे उत्सवों की रौनक से दूर रहना पड़ता है। दीपावली की मिठास इस तरह केवल घरों और आयोजनों तक नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन तक पहुंचती है। लाइबेरिया का अपना राष्ट्रीय त्योहार थैंक्सगिविंग डे भी कई बार दीपावली के आसपास पड़ता है। ऐसे अवसरों पर दोनों समुदायों के बीच उत्सव और मेल-मिलाप का माहौल और गहरा हो जाता है। अलग-अलग परंपराओं के बावजूद खुशियां बांटने का भाव दोनों को एक सूत्र में जोड़ता है।



लाइबेरिया में दीपावली की यह तस्वीर बताती है कि त्योहारों की असली रोशनी केवल दीप जलाने में नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियां बांटने में भी है। मोनरोविया में रामायण, गरबा और संगीत के सुरों के साथ जब सेवा और सद्भाव का भाव जुड़ता है, तो दीपोत्सव सरहदों से परे मानवीय रिश्तों का उत्सव बन जाता है।

पेरिस मास्टर्स

अल्काराज के वार से फ्रिट्ज का टूटा सपना

जोडार को मिला एटीपी फाइनल्स का टिकट



एजेंसी ▶▶| पेरिस

कार्लोस अल्काराज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-7 (10), 7-5, 6-3 से हराकर पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अल्काराज की जीत ने फ्रिट्ज की एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को खत्म कर दिया और इसके बजाय यह पक्का कर दिया कि उनके देश के राफेल जोडार साल के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए आखिरी जगह पक्की कर लें।

कार्लोस ने फ्रिट्ज के खिलाफ की जबरदस्त वापसी

अल्काराज ने फ्रिट्ज के खिलाफ मैच में जबरदस्त वापसी करते हुए सीजन के अपने तीसरे एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंच गए। वह मैच में 36-7 (10) और 3-5 से पीछे थे और अपनी सर्व पर एक मैच पॉइंट का सामना कर रहे थे, इससे पहले कि उन्होंने एक शानदार पॉइंट जीतकर स्कोर 4-5 कर दिया। इसके बाद अल्काराज को अगले गेम में फ्रिट्ज की सर्व पर एक मैच पॉइंट बचाना पड़ा, इससे पहले कि वह उन्हें 5-5 से बराबर कर पाते। अल्काराज ने तब अपना गेम बेहतर किया जब यह सबसे ज्यादा जरूरी था, क्योंकि उन्होंने अगले दो गेम जीतकर डिसाइडर में चीजें अपने नाम कीं।

डकवर्थ लुईस प्रणाली से भारत ने न्यूजीलैंड को 4 रन से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त

बारिश में भी नहीं धुला भारत का जीत का रंग

राहुल की संयमित पारी और तेज गेंदबाजों ने दिखाया दम

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

सितारों से सजे भारतीय बल्लेबाजी क्रम की शुरुआती नाकामी के बाद केएल राहुल की संयमित पारी के दम पर भारत ने वर्षाबाधित दूसरे वनडे में शनिवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 4 रन से हरा दिया। अब भारत 5 मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। तीसरा मैच मंगलवार को हैमिल्टन में खेला जाएगा।

जीत के लिए 47 ओवर में 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 26 ओवर में 7 विकेट 113 रन पर गंवा दिए थे, जब बारिश शुरू हो गई। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर भारत को 109 रन की जरुरत थी। भारत ने अपने तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से न्यूजीलैंड को 41 ओवर में 134 रन पर समेट दिया।

भारतीय गेंदबाजों ने फेंकी 176 डॉट गेंदें

आकिब नबी ने 7 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि अंशुल कम्बोज ने 8 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट चटकाए । वहीं बराड़ ने 10 ओवर में 30 रन देकर 4 विकेट लिए, जो उनके कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने शॉर्ट गेंदों का बखूबी इस्तेमाल करके मेजबान मध्यक्रम की कमर तोड़ दी। अर्शदीप सिंह ने 7 ओवर में 16 रन दिए लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिली। उन्होंने हालांकि बेहद अनुशासित और सटीक गेंदबाजी करके दबाव बनाया। भारतीय गेंदबाजों ने 176 डॉट गेंदें फेंकी।



जीरो पर आउट हुए गिल

जवाब में कप्तान शुभमन गिल पहली ही गेंद पर जैकब डफी का शिकार हुए और खाता खोले बिना स्लिप में कैच दे बैठे। डफी ने विराट कोहली (7) को भी पवेलियन भेजा। रोहित शर्मा ने 28 गेंद में 23 रन बनाए लेकिन सीम का सामना करने में सहज नहीं दिखे। अक्षर पटेल (7) और श्रेयस अय्यर (30) शॉर्ट गेंदों पर विकेट गंवा बैठे। वहीं पहली 20 में से 18 डॉट गेंद खेलने वाले राहुल ने अपना संयम बनाए रखा और डफी को छक्का लगाकर टीम को सौ रन के पार पहुंचाया। राहुल ने 38 गेंद में 26 रन बनाए।



रोहित ने तोड़ा अफरीदी का वर्ल्ड रिकॉर्ड

रोहित शर्मा ने कीवी टीम के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 2 छक्के लगाए और वो वनडे में इस टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए और शाहिद अफरीदी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। शाहिद अफरीदी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में कुल 50 छक्के अपने करियर के दौरान लगाए थे, लेकिन रोहित ने 51 छक्के लगाते हुए उन्हें पीछे छोड़ दिया और लिस्ट में टॉप पर पहुंच गए जबकि शाहिद अफरीदी अब दूसरे नंबर पर आ गए।

जूझते नजर आए विल यंग

इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का सही फैसला लिया। बारिश और मौसम को देखते हुए मैच प्रति टीम 47 ओवर का कर दिया गया था। नबी ने सबसे पहले टिम सीफर्ट (0) का विकेट लिया। मिडविकेट पर खड़े कम्बोज ने सामने की ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ा और नबी को उनका पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट दिलाया। विल यंग ने 17 गेंद में 6 रन बनाए और वह जूझते ही नजर आए। आफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर बल्ला अड़ाकर वह विकेट के पीछे केएल राहुल को कैच देकर लौटे। हेनरी निकोल्स 26 गेंद में 11 रन बनाकर नौवें ओवर में कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हुए।

खबर संक्षेप



चेन्नई ओपन : वैष्णवी रुतुजा ने रचा इतिहास

चेन्नई। वैष्णवी अडकर और रुतुजा भोसले ने डब्ल्यूटीए टूर स्तर के किसी टूर्नामेंट के युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रोमांचक सेमीफाइनल में पोलैंड की वेरोनिका फाल्कोव्स्का और अमेरिका की अलाना स्मिथ की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-2 2-6 10-8 से हराया। भारतीय जोड़ी पहला सेट आसानी से जीतने के बाद दूसरे सेट में लड़खड़ा गई लेकिन उन्होंने निर्णायक सुपर टाई-ब्रेक में संयम बनाए रखा और जीत हासिल की।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट खेलेंगे जमाल



रावलपिंडी। ऑलराउंडर आमिर जमाल को श्रीलंका के खिलाफ 9 नवंबर से होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के स्पिनर अली उस्मान और सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला फजल को टीम से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान ने अपनी टीम में काफी बदलाव किए हैं तथा कई ऐसे खिलाड़ी टीम में शामिल किए हैं, जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। इन खिलाड़ियों में बल्लेबाज मोहम्मद तैयब आरिफ, समीर मिन्हास, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद ताहा और तेज गेंदबाज साकिब खान और अली शब्बीर शामिल हैं।

लंदन ओपन : क्वार्टर फाइनल में हारे सेंथिल

लंदन। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार को लंदन ओपन के पुरुष क्वार्टरफाइनल में फ्रांस के आमिर खालिद जोयूसेलिन से उलटफेर का सामना करना पड़ा। दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय सेंथिलकुमार को 18000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में दुनिया के 99वें नंबर के आमिर से 11-13, 6-11, 7-11 से हार मिली।

टेस्ट श्रृंखला से पहले फॉर्म में लौटे जायसवाल, जड़ा शतक



एजेंसी ▶▶| लिंकन

यशस्वी जायसवाल के लगातार दूसरे शतक से भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन 2 विकेट पर 227 रन बना लिए। जायसवाल ने 138 गेंद में 102 रन बनाकर 19 नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले फॉर्म में वापसी की।

बारिश के कारण 70वें ओवर में पहले दिन का खेल खत्म करना पड़ा। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर साइ सुदर्शन (205 गेंद में नाबाद 77 रन) और कप्तान ध्रुव जुरेल (नाबाद 12) क्रीज पर थे। टेस्ट श्रृंखला से पहले जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा और प्रसिद्ध कृष्णा भी यह मैच खेल रहे हैं।

जायसवाल ने लगाई चौकों की हैट्रिक

जायसवाल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ए के किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा। उन्होंने जेरोड मैकी को दो बार लगातार तीन चौके लगाए। न्यूजीलैंड ए ने जायसवाल का कैच उस समय छोड़ा था जब वह 54 रन पर थे। इसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। जायसवाल ने आफ स्पिनर डीन फॉक्सक्राफ्ट की गेंद पर 44वें ओवर में स्वीप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। इसके कुछ देर बाद ही वह फर्न्स की गेंद पर मिडआफ में कैच देकर आउट हो गए। मैकी ने 63वें ओवर में देवदत्त पडिक्कल को रवाना किया ।

हार्दिक का पंजाब किंग्स, अर्शदीप का एमआई में जाना तय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली (ट्रेड) पर सहमति बन गई है। इससे स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पंजाब किंग्स जबकि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस से जुड़ जाएंगे। यह सौदा हालांकि अभी प्रस्तावित है और इसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी मिलना बाकी है। आईपीएल से जुड़े एक सूत्र ने इस ट्रेड की पुष्टि की है। सूत्र ने बताया कि हार्दिक पंड्या श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने को लेकर खुश हैं। उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर आगामी सत्र में भी पंजाब किंग्स के कप्तान बने रहेंगे। सूत्र ने कहा, 'ट्रेड पूरा हो चुका है। हार्दिक पंजाब किंग्स में जा रहे हैं और अर्शदीप मुंबई इंडियंस में शामिल हो रहे हैं। हार्दिक श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने को लेकर खुश हैं।' उनके अनुसार, 'अर्शदीप के बदले हार्दिक को ट्रेड करने का फैसला कप्तान और कोच का था। अर्शदीप लंबे समय से पंजाब किंग्स के साथ जुड़े हुए हैं और फ्रेंचाइजी के लिए शानदार प्रदर्शन करके आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं।





2024 सत्र में मुंबई में लौटे थे हार्दिक

हार्दिक 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस में लौटे थे और उन्हें लंबे समय तक टीम की कप्तानी करने वाले रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया था। हालांकि हार्दिक की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का सफर उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। पांच बार की चैंपियन टीम हार्दिक के नेतृत्व संभालने के बाद तीन सत्र में से दो बार प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही। यह सौदा बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों को बरकरार रखने की समय सीमा को 17 नवंबर तक बढ़ाने के बाद हुआ है, जिससे दोनों फ्रेंचाइजी को 16 दिसंबर को गोवा में होने वाली मिनी नीलामी से पहले आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।

दूसरा टेस्ट : तौहीद हिरदॉय ने इतिहास रचा वेस्टइंडीज के खिलाफ जड़ा 'दोहरा शतक'



सिलहट। तौहीद हिरदॉय के नाबाद 'दोहरे शतक' की मदद से बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में बढ़त हासिल की। सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तौहीद 242 रन बनाकर नाबाद रहे। यह टेस्ट फॉर्मेट में किसी बांग्लादेशी बल्लेबाज की सबसे बड़ी पारी है। तौहीद ने 359 गेंदों में 11 छक्के और 22 चौके जड़ते हुए मुशफिकुर रहीम के 219* रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो उन्होंने 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ मीरपुर में बनाया था। सीरीज के दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने पहली पारी में 356 रन बनाए। कैरेबियन टीम ने महज 27 रन तक 3 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद आमिर जंगू ने केविन विकहम के साथ चौथे विकेट के लिए 131 रन, जबकि जस्टिन ग्रीव्स के साथ 106 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इसके जवाब में लड़खड़ाती शुरुआत के बावजूद बांग्लादेशी टीम ने पहली पारी में 386 रन बनाकर 30 रन की बढ़त हासिल कर ली। मेजबान टीम ने 51 रन तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद तौहीद हिरदॉय ने मोर्चा संभाला। उन्होंने मुशफिकुर रहीम के साथ चौथे विकेट के लिए 73 रन जुटाकर टीम को 124 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन मुशफिकुर (34) के आउट होने के बाद टीम फिर से लड़खड़ा गई। आलम ये रहा कि 184 के स्कोर तक 7 विकेट गिर गए।

सैयद मुश्ताक अली

17 साल के विकल्प को मिली छत्तीसगढ़ की कप्तानी



एजेंसी ▶▶| रायपुर

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ ने स्क्वॉड का ऐलान किया और 17 साल के विकल्प तिवारी को कमान दी है। विकल्प ने अभी तक सीनियर लेवल पर कोई टी20 मुकाबला नहीं खेला है फिर भी उनके नेतृत्व में टीम चुनी गई है। हालांकि विकल्प ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग में हिस्सा लिया है और यहां पर कमाल किया है। यही वजह है कि उनको नेतृत्व दिया गया है। वे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 में वैभव सूर्यवंशी के बाद दूसरे नौजवान कप्तान होंगे। 15 साल के वैभव बिहार की पहले दो मैचों में कमान संभालेंगे।

मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हैं

राजनांदगांव के विकल्प बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हैं। विकल्प ने इसी साल फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था तो पिछले विजय हजारे ट्रॉफी से उनका लिस्ट ए में पदार्पण हुआ था। वे अभी तक छह फर्स्ट क्लास और इतने ही लिस्ट ए मैच खेल चुके हैं। फर्स्ट क्लास मैचों में उन्होंने 30.20 की औसत से 301 रन बनाए। दो अर्धशतक उनके नाम इस फॉर्मेट में है। वहीं लिस्ट ए में एक शतक से विकल्प ने 38.60 की औसत के साथ 193 रन बनाए हैं।

मध्यप्रदेश के कप्तान बने पाटीदार

इंदौर। आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए रजत पाटीदार को मध्य प्रदेश का कप्तान नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश को 'एलीट ग्रुप-सी' में रखा गया है। टीम अपने पहले चार मैच न्यू चंडीगढ़ में खेलेगी, जबकि बाकी तीन मुकाबले मोहाली में आयोजित होंगे।

अंडर-19 एशिया कप: ग्रुप-ए में आज रोमांचक मुकाबला

पाकिस्तान से हिसाब चुकता करने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| अल अमेरात

पिछली बार अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान से पराजय झेलने वाला भारत रविवार को होने वाले ग्रुप ए के महत्वपूर्ण मुकाबले में बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगा। भारत ने अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। उसने 128 रन के लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल कर दिया था।

वहीं, पाकिस्तान ने मेजबान यूएई के खिलाफ 37.3 ओवरों में 225 रन के लक्ष्य को हासिल करते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की थी। यह मैच ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम के निर्धारण को देखते हुए महत्वपूर्ण है। इसमें जीत हासिल करने वाली टीम के ग्रुप में शीर्ष पर रहने की संभावना बढ़ जाएगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। दोनों टीम ने अपने अभियान का शानदार आगाज किया है और ऐसे में रविवार को होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है।



आत्मविश्वास से भरी पाक टीम

फरहान यूसुफ की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम यूएई पर मिली शानदार जीत के बाद विशेष रूप से आत्मविश्वास से भरी होगी। यूसुफ पिछली बार भी पाकिस्तान की टीम के कप्तान थे। तब पाकिस्तान ने दुबई के आईसीसी क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में भारत को 191 रन से हराया था। भारतीय टीम अब उस हार का बदला चुकता करने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

पाकिस्तान की बल्लेबाजी मजबूत

पाकिस्तान की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें सलामी बल्लेबाज उस्मान खान भी शामिल है, जिन्होंने यूएई के खिलाफ पिछले मैच में नाबाद 139 रन बनाए थे। जहांगीर बिलाल और अब्दुल कादिर ने भी अच्छी फॉर्म दिखाई है, जिससे पाकिस्तान का शीर्ष क्रम मजबूत नजर आ रहा है। भारतीय गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अनुशासित गेंदबाजी करनी होगी।

बड़ोदा की कमान कृणाल को, हार्दिक बाहर



बडोदरा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 के लिए बड़ोदा की टीम का ऐलान कर दिया गया। 14 नवंबर से शुरू होने वाले इस टी20 घरेलू टूर्नामेंट के लिए बड़ोदा टीम का कप्तान कृणाल पंड्या को बनाया गया है जबकि स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की मैदान पर वापसी इस टूर्नामेंट के लिए जरिए कम से कम नहीं हो पाएगी। हार्दिक पंड्या अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और इसकी वजह से ही उन्हें इस टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया है। 32 साल के हार्दिक पंड्या ने 24 मई के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। उन्होंने इस साल आखिरी मैच आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए खेला था और उसके बाद से वो चोटिल हैं।

दीपावली के पहले ही मंदिरों-भवनों को सजाया

देश के नामी मंदिर और प्रसिद्ध स्थान जगमगाए, फूलों में डूबे केदारनाथ

दीपावली का पर्व पूरे देश में श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। हिंदू सनातन परंपरा में इस दिन धन, वैभव और समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष विधान है। देशभर में माता लक्ष्मी के पूजन की परंपरा सदियों पुरानी है।

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

दीपावली के पावन अवसर पर उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के मंदिर परिसर और गर्भगृह को करीब 18 से 20 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर को गेंदे और अन्य आकर्षक फूलों से सजाया गया है,और मंदिर के प्रवेश द्वार पर फूलों से 'जय श्री केदार' लिखा गया है। बाबा केदार के कपाट शीतकाल के लिए 11 नवंबर को विधिविधान के साथ बंद किए जाएंगे। दिल्ली के बुराड़ी (हिरण की रोड) क्षेत्र में श्री केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट द्वारा केदारनाथ मंदिर का निर्माण प्रस्तावित/कार्यरत है, जिसकी प्रतिकृति तैयार की जा रही है।



केदारनाथ मंदिर को 20 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से सजाया।


झुंझुनूं। फूलों से सजे खेतड़ी के प्रसिद्ध मंदिर,सतरंगी रोशनी से जगमग हुए देवस्थान विभाग ने करवाई सजावट।

सलाखों के पीछे उम्मीदों की रोशनी

हाई सिक्योरिटी जेल में सीमित साधनों में बंदियों ने की सुंदर सजावट

अजमेर। अंधेरी तो देहरी पर है मगर उम्मीदों के दीये रोशन हैं, जिनके जीवन में सलाखों के पीछे अंधेरा है, वे भी रोशनी के सपने देखना नहीं भूले हैं। हाई सिक्योरिटी जेल, घूघरा, अजमेर में दीपावली के अवसर पर बंदियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से बड़ा संदेश दिया है। बंदियों ने सीमित संसाधनों के बीच कल्पनाशक्ति और हुनर से दीपावली की आकर्षक सजावट तैयार की है।



प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति भवन में मनाई दिवाली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली के पावन अवसर पर राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति भवन जाकर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से भी मुलाकात की और दिवाली की बधाई दी। पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश के जरिए देशवासियों को दिवाली की बधाई दी और कहा कि प्रकाश का यह पर्व अंधकार के खिलाफ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने अपनी परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी देश के वीर जवानों के साथ दिवाली मनाने की बात कही है।


नई दिल्ली। दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए हुई एक मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

खबर संक्षेप

ऑपरेशन सफल तो चढ़ाया सोने का दिल

मेवाड़। दिल की बीमारी से जूझने और सफल ऑपरेशन के बाद जालौर जिले के एक श्रद्धालु ने मनोकामना पूरी होने पर भगवान सांवलिया सेठ को सोने से बना दिल भेंट किया। मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम श्रीसांवलियाजी मंदिर में इस अनोखी भेंट का वजन 21 ग्राम है। इसकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। इसे लेकर लोगों में काफी चर्चा है।



विवेकानंद की तस्वीर पर अभद्र भाषा, 2 सस्पेंड

कोलकाता। प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यूनिवर्सिटी ने दो छात्राओं को निष्कासित कर दिया है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर वाले एक पोस्टर पर अपमानजनक बातें लिखीं और अन्य संगठनों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। यह फैसला एक जांच समिति की ओर से सीसीटीवी फुटेज पर लिया गया।



मंत्री आर्य के पति गिरधारी गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू उर्फ पप्पू साहू को उत्तराखंड एसआईटी और पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी यूपी के झांसी जिले से हुई है। 15 अक्टूबर को पत्नी रेखा आर्य ने एफआईआर दर्ज कराई थी। साहू पिछले कई दिनों से यहां छिपा हुए थे। उन्हें देहरादून लाया गया।



बेंगलूरू-लखनऊ प्लेन में सुरक्षा खतरा, वापस आया

बेंगलुरू। इंडिगो की बेंगलुरू से लखनऊ जा रही फ्लाइट संख्या 6ई 451 में शनिवार को सुरक्षा संबंधी खतरे की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर पायलटों ने विमान को लखनऊ ले जाने के बजाए बेंगलुरु लौटाने का फैसला किया। इसके बाद विमान को जरूरी सुरक्षा जांच के लिए बंगलूरू में उतारा गया।

भाजपा ने दी सोनिया को नसीहत, कई मामलों का जिक्र किया

इटैलियन चश्मा उतारकर देखिए भारत की तरक्की, 12 वर्षों में देश कहां से कहां पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नवीन ने बटला हाउस मुठभेड़, सिख विरोधी दंगों और बोफोर्स मामले का जिक्र किया

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के मोदी सरकार पर लोकतंत्र और संस्थाओं को नुकसान पहुंचाने के आरोपों के बाद भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने पलटवार किया है। भाजपा ने उन्हें पिछले 12 वर्षों में देश की तरक्की देखने की नसीहत दी। साथ ही पार्टी ने सोनिया के इमरजेंसी को सांविधानिक बताने वाले बयान पर भी सवाल उठाए। साथ ही बाटला हाउस मुठभेड़, 1984 के सिख विरोधी दंगों और बोफोर्स मामले का जिक्र कर कांग्रेस को घेरा। सोनिया ने अपनी आने वाली किताब 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' के विमोचन से पहले एक अखबार को साक्षात्कार दिया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में देश के लोकतंत्र, संस्थाओं और सामाजिक ताने-बाने को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत की व्यवस्था को गहरा नुकसान हुआ है। यहां तक कि मोदी सरकार के जाने के बाद भी देश की संस्थाओं और व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने में समय लगेगा।



विदेश टूलकिट बनकर देश में अराजकता फैला रहे

नवीन ने राहुल पर देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी इस देश को अस्थिर करने के लिए, अराजकता पैदा करने के लिए, एक टूलकिट की तरह इस्तेमाल हो रहे हैं। रिजीम चेंज को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्री कहते हैं कि राहुल गांधी के पास रिमोट बटन है। जब वो चाहेंगे तो 40 लाख लोग इस देश में अराजकता फैलाने के लिए तैयार खड़े हैं।

इमरजेंसी पर सोनिया गांधी ने क्या कहा, भाजपा को क्यों हुई आपत्ति?

सोनिया ने आपातकाल को सांविधानिक प्रक्रिया के तहत उठाया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों पर रोक लगी थी और बंदी प्रत्यक्षीकरण का अधिकार भी निलंबित कर दिया गया था।

चुघ ने भी सोनिया पर किया पलटवार

देखिए, देश में आस्था की लहर दिखाई देगी



सोनिया के बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता तरुण चुघ ने कहा कि सोनिया गांधी को 'इटैलियन चश्मा' उतारकर भारत की तरक्की देखनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है और भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। चुघ ने कहा कि अगर आप अपना इटैलियन चश्मा उतार देंगी तो आपको भारत की असली तस्वीर दिखाई देगी। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और 7.8 प्रतिशत की जीडीपी विकास दर के साथ आगे बढ़ता भारत नजर आएगा। देशभर में आस्था की नई लहर दिखाई दे रही है, लेकिन सोनिया इसे पचा नहीं पा रही हैं।

जाति, धर्म और वोट बैंक की राजनीति के जरिए देश को बांट रहीं

चुघ ने कहा कि सोनिया को अपनी किताब में कांग्रेस शासन के दौरान सामने आए कथित घोटालों का भी जिक्र करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के इतिहास पर जाति, धर्म और वोट बैंक की राजनीति के जरिए देश को बांटने का आरोप लगाया।

चुघ ने मुद्दों की लगा दी झड़ी

चुघ ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान विभिन्न घोटालों पर सोनिया अपनी किताब में क्या लिखेंगी? बटला हाउस मुठभेड़ में आतंकी के मारे जाने के बाद सोनिया के कथित तौर पर रोने को लेकर चुघ ने सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि ऐसा क्यों हुआ था? सैनिकों की शहादत पर सोनिया ने कोई बयान क्यों नहीं दिया?

भंडारी ने कहा

सोनिया केवल वोट बैंक की राजनीति कर रहीं

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने सोनिया पर इमरजेंसी को सही ठहराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सोनिया इंदिरा गांधी को पीड़ित के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन उनका जनसंपर्क अभियान सच्चाई को नहीं छिपा सकता। भंडारी ने इमरजेंसी लगाने और 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर भी कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा।



अभिषेक के घर पर हमले से भड़कीं ममता

हमारे ऊपर बुलडोजर चला दो भाजपा यहां कर रही 'गुंडागर्दी'

उपद्रवियों ने काली पूजा समारोह में भी भारी तोड़-फोड़ की



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बेनर्जी ने शनिवार को भाजपा पर 'गुंडागर्दी' का गंभीर आरोप लगाया है। ममता ने दावा किया कि शनिवार तड़के करीब 2:00 बजे कोलकाता के कालीघाट इलाके में ममता टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बेनर्जी के घर पर हमला करने के बाद उपद्रवियों के एक गिरोह ने स्थानीय काली पूजा समारोह में भी भारी तोड़फोड़ और व्यवधान पैदा किया। काली पूजा और दिवाली के त्यौहार से ठीक पहले कालीघाट में हुई इस घटना के बाद बंगाल का राजनीतिक माहौल गरमा गया है। ममता ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की एकजुटता से बौखलाई है और इसीलिए इस तरह के हथकंडे अपना रहा है।

ममता का पलटवार कार्यक्रम रद्द कर दिया

कालीघाट में ममता ने कहा, काली पूजा और दिवाली है। बीती रात 2:00 बजे अभिषेक के घर पर हमला किया गया। यह हमारा इलाका है, जहां से मां काली के कई जुलूस निकलते हैं। आप यहां इस तरह का उपद्रव क्यों पैदा कर रहे हैं? आपने हमारी पारंपरिक और वर्षों पुरानी पूजा की अनुमति रद्द कर दी और उसकी जगह नई पूजा आयोजित करने की इजाजत दे दी। बीती रात हमारे स्थानीय क्लबों को काम नहीं करने दिया गया। हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं, और यही गुस्से की वजह है। अगर भाजपा में हिम्मत है तो वह सीधे मुकाबला नहीं कर सकते। लोग रात के 2:00 या 3:00 बजे आकर हमारे पार्टी दफ्तर और पूजा के कामों में खलल डालते हैं।

अभिषेक पर 6 महीने में 7 बार जानलेवा हमला

टीएमसी के सांसद कीर्ति आजाद ने गहरी चिंता जताते हुए दावा किया कि 56 महीनों के भीतर अभिषेक बेनर्जी पर यह 7वां जानलेवा हमला है। उन्होंने इस सिलसिले में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति और पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। कीर्ति ने बताया कि शुक्रवार रात 2:00 बजे अभिषेक के जन्मदिन के मौके पर लाठी-डंडों और पत्थरों से लैस उपद्रवियों ने 30 से 45 मिनट तक उनके परिसर पर हमला किया और संपत्तियों में तोड़फोड़ की। साथ ही छोटी दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया गया।

दोसांझ के 'पटियाला पैग' पर बैन

इंदौर कॉन्सर्ट में नहीं गा सकेंगे ये चार गाने, बच्चे शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ इंदौर



पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में 'पटियाला पैग' सहित 4 गानों पर रोक लगा दी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने शराब, नशे और हथियारों का जिक्र होने के कारण ये निर्देश जारी किए हैं, क्योंकि कॉन्सर्ट में बच्चों को भी प्रवेश मिलेगा। इंदौर में 15 नवंबर को होने वाले दोसांझ के कॉन्सर्ट को लेकर नया विवाद सामने आया है। कार्यक्रम में दिलजीत 4 चर्चित गाने नहीं गा सकेंगे। विभाग के जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सी 21 मॉल प्रबंधन को पत्र लिखकर इन गानों को कार्यक्रम में शामिल नहीं करने के निर्देश दिए हैं। इन गानों के बोल में शराब, नशे और हथियारों का जिक्र है। विभाग का कहना है कॉन्सर्ट में बच्चों को भी प्रवेश दिया जाएगा ऐसे में इस तरह के गानों का उन पर गलत असर पड़ सकता है।

23 साल बाद 'जैनी प्रकरण' गरमाया

हरक पर लगाए गंभीर आरोप सीबीआई जांच की मांग की

एजेंसी ▶▶ देहरादून



उत्तराखंड की राजनीति का सबसे चर्चित और हाई-प्रोफाइल 'जैनी प्रकरण' करीब 23 साल बाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। इस मामले की मुख्य केंद्र रही जैनी (मूल नाम इंदिरा देवी/इंदिरा देवरी) ने देहरादून के उत्तरांचल प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके और सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करके अपनी लंबी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने इस मामले में कई चौंकाने वाले बयान दिए हैं और उत्तराखंड के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत पर दोबारा गंभीर आरोप लगाए हैं। जैनी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुहार लगाई है कि उनके मामले की सीबीआई जांच दोबारा हो। जैनी ने कहा कि उनके 23 साल के बेटे को उसके पिता का नाम और उसका कानूनी हक मिलना चाहिए।

रेल मंत्री वैष्णव ने कहा- केंद्र सरकार सुधार करना जारी रखेगी

जल्द दौड़ेंगी 1000 से ज्यादा ट्रेनें

त्योहारों पर यात्रियों को मिलेगी राहत अतिरिक्त ट्रेनें चलाईं, और चलाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्योहारों से पहले केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में 'वॉर रूम' की तैयारियों और कामकाज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हम सुधार करना जारी रखेंगे। वैष्णव ने बताया कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ जैसे त्योहारों के दौरान प्रति वर्ष सबसे अधिक भीड़ होती है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने, सेवाओं में सुधार करने और यात्रियों को अधिक से अधिक सहूलियत देने के लिए लगातार काम कर रही है।

1,000 से अधिक अतिरिक्त नियमित ट्रेनें चलाएंगे



रेलमंत्री ने कहा 1,000 से अधिक अतिरिक्त नियमित ट्रेनें चलाने वाले हैं। इस दौरान अत्यधिक दबाव, माल ढुलाई और क्षमता विस्तार की दीर्घकालिक परियोजनाओं पर कहा, अभी हम अत्यधिक दबाव के दौर से गुजर रहे हैं। हमारी लगातार कोशिश क्षमता विस्तार पर केंद्रित है।

नई दिल्ली में यात्री सुविधाओं का जायजा लिया

वैष्णव ने शुक्रवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं और दिवाली तथा छठ के त्योहारों के समय बढ़ने वाली भीड़ से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों से बातचीत भी की।

कोलकाता हाईकोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ, पुलिस के आने की सूचना पर फरार

हजार करोड़ हड़पने वाले कारोबारी महेंद्र गोयनका पर शिकंजा, कोलकाता पुलिस पहुंची गिरफ्तार करने

एजेंसी ▶▶ रायपुर

कोलकाता हाईकोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद कोलकाता पुलिस कारोबारी महेंद्र गोयनका को गिरफ्तार करने शनिवार को रायपुर पहुंची। कोलकाता पुलिस खम्हारडीह थाने में जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही थी, इसकी जानकारी मिलने पर कारोबारी फरार हो गया। कारोबारी के छिपने के संभावित ठिकानों पर कोलकाता पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है। एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियों और कंपनियों के शेयर धोखाधड़ी प्रकरण में कारोबारी को कोलकाता पुलिस गिरफ्तार करने आई थी।


आरोपी महेंद्र गोयनका

पूरा मामला यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों के शेयरों पर कथित अवैध कब्जे से जुड़ा है। कोलकाता में दर्ज एफआईआर के अनुसार, रायपुर के कारोबारी महेंद्र गोयनका और उनके सहयोगियों पर जाली दस्तावेज, फर्जी हस्ताक्षर और कंपनी की नकली मुहरों के जरिए शेयरों का मालिकाना हक बदलने का आरोप है।

पुराने रिकार्ड में बदलाव कर की गड़बड़ी

आरोप है कि महेंद्र गोयनका सहित आठ आरोपियों ने 6 जुलाई 2018 की कथित बोर्ड मीटिंग के प्रस्ताव के आधार पर वित्तीय वर्ष 2016-17 का संशोधित वार्षिक रिटर्न (एमजीटी-7) दाखिल किया। इसमें दिखाया गया कि 9 मार्च 2017 को ही 5 हजार शेयर फ्यूचर डीलट्रेड से महेंद्र गोयनका एंड संस के नाम ट्रांसफर हो गए थे। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी कंपनी ने न तो शेयर बेचने की सहमति दी थी और न ही इसके बदले कोई रकम मिली थी। शेयर ट्रांसफर से संबंधित कोई दस्तावेज भी कंपनी ने हस्ताक्षर नहीं किए थे।

8 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

कोलकाता के बोबाजार थाने में 30 अक्टूबर 2026 को मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में महेंद्र गोयनका, अभिषेक अग्रवाल, अशोक रैकवार, मनीष गोयनका, सुरेंद्र सिंह सलूजा और धनेश शिवहरे सहित महेंद्र गोयनका एंड संस और सुशील गोयनका एंड संस का नाम है। प्रकरण में पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल से जुड़ी धाराओं में केस दर्ज किया है।

भाजपा विधायक की कंपनी के साथ की थी ठगी

महेंद्र गोयनका मूल रूप से मप्र के अनूपपुर जिले का रहने वाला है। वह खम्हारडीह थाना क्षेत्र के कचना स्थित आनंदम वर्ल्ड सिटी में निवासरत था। आरोपी माइनिंग, मिनरल्स, इस्पात, जेम्स और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कारोबार करता है। वह कई अन्य कंपनियों में निदेशक और पार्टनर है। कारोबारी ने मप्र के भाजपा विधायक संजय पाठक के साथ फ्रॉड किया था।

कर्नाटक ई-20 विवाद

केंद्र ने ज्यादा इथेनॉल मिलावट के दावे को सिरे से किया खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने कर्नाटक के कुछ पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल में तय सीमा से ज्यादा इथेनॉल मिलाने के दावों को खारिज कर दिया। केंद्र ने राज्य की जांच पर सवाल उठाए और कहा कि देशव्यापी गुणवत्ता निगरानी के तहत राज्य में जांचे गए सभी 56 सैंपल तय ई-20 मानकों पर खरे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि 3 सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने स्पष्ट किया है 26-31 % इथेनॉल मिलावट के दावे गलत हैं। वैधानिक और तकनीकी प्रक्रियाओं के तहत किए गए परीक्षणों से साबित नहीं होते। मंत्रालय ने कहा कि देशभर में कर्नाटक सहित इन तीनों कंपनियों द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला ई20 पेट्रोल आईएस 17021 के अनुरूप है, जो इथेनॉल-मिश्रित मोटर गैसोलीन के लिए भारतीय मानक ब्यूरो का मानक है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415